उत्तराखंड और गोवा के साथ पश्चिमी उत्तर प्रदेश की 55 सीटों के लिए सोमवार को मतदान होगा। गोवा और उत्तराखंड में मतदान एक की चरण में संपन्न हो जाएगा। वहीं उप्र में मतदान के पांच चरण और शेष रह जाएंगे।

जनहितैषी

हिन्दी दैनिक

R.N.I. No. 63177/95 वर्ष:27 अंक: 63 दिनांक: 14-02-2022 सोमवार मूल्य : 100 पैसा पृष्ठ:4 अहमदाबाद M

इंडियन प्रीमियर लीग 2022 का मेगा आक्शन समाप्त हो गया है। कुल 600 में से 204 खिलाड़ियों को खरीददार मिला। सुरेश रैना और इशांत शर्मा जैसे खिलाड़ी अनसोल्ड रह गए। आवेश खान और राहुल तेवतिया जैसे अनकैप्ड खिलाड़ियों का जलवा रहा।

यूपी की 55, उत्तराखंड की 70 और गोवा की 40 सीटों पर मतदान सोमवार को,

नई दिल्ली। उत्तराखंड और गोवा के साथ पश्चिमी उत्तर प्रदेश की 55 सीटों के लिए सोमवार को मतदान होगा। गोवा और उत्तराखंड में मतदान एक की चरण में संपन्न हो जाएगा। वहीं उप्र में मतदान के पांच चरण और शेष रह जाएंगे। तीनों राज्यों में चुनाव सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक वोट पड़ेंगे। सभी सीटों पर मतगणना 10 मार्च को होगी। उप्र में दूसरे चरण में नौ जिलों की 55 सीटों पर दो करोड़ से अधिक मतदाता 586 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। यहां दूसरे चरण में सहारनपुर, बिजनौर, मुरादाबाद, संभल, रामपुर, अमरोहा, बदायूं, बरेली व शाहजहांपुर में मतदान होना है। तीनों राज्यों में चुनाव के लिए निर्वाचन आयोग ने अपनी तैयारी पूरी कर ली है। वहीं, अंतिम दौर में निर्वाचन आयोग से कुछ रियायत मिली तो सभी राजनीतिक दलों ने ताकत झोंक दी।

उप्र के दूसरे चरण में शाहजहांपुर सीट से वित्त मंत्री सुरेश खन्ना नौवीं बार विधान सभा पहुंचने के लिए किस्मत आजमा रहे हैं। बिलासपुर से जलशक्ति राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख, बदायूं से नगर विकास राज्य मंत्री महेश चन्द्र गुप्ता, चंदौसी से माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री गुलाब देवी चुनाव मैदान में हैं। आयुष राज्यमंत्री रहे डा. धर्म सिंह सैनी नकुड़ सीट से सपा के टिकट पर मैदान में हैं। सपा नेता व पूर्व मंत्री मो. आजम खां रामपुर व उनके बेटे अब्दुल्ला आजम स्वार सीट से चुनाव मैदान में हैं। आजम जेल से ही चुनाव लड़ रहे हैं।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, सुबोध उनियाल, अरविंद पांडेय, धन सिंह रावत और रेखा आर्य। साथ ही भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक भी विस चुनाव में अपना भाग्य आजमा रहे हैं। कांग्रेस की तरफ से पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, पूर्व मंत्री यशपाल आर्य, प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल और नेता प्रतिपक्ष प्रीतम सिंह भी चुनाव लड़ रहे हैं। उत्तराखंड में आम आदमी पार्टी भी राज्य की सभी सीटों पर चुनाव लड़ रही है।

गोवा का चुनाव इस बार बेहद दिलचस्प हो गया है। भाजपा, कांग्रेस, आम आदमी पार्टी और तृणमूल कांग्रेस के अलावा गोवा फारवर्ड पार्टी (जीएफपी), महाराष्ट्रवादी गोमांतक पार्टी (एमजीपी), राकांपा, शिवसेना, क्रांतिकारी गोवा, गोएंचो स्वाभिमान पार्टी, जय महाभारत पार्टी और संभाजी ब्रिगेड भी चुनावी मैदान में हैं। 68 निर्दलीय उम्मीदवार भी भाग्य आजमा रहे हैं। भाजपा के दिवंगत नेता मनोहर पर्रिकर के बेटे उत्पल पर्रिकर पणजी से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं, क्योंकि भाजपा ने उन्हें टिकट नहीं दिया था। मांड्रेम से चुनाव लड़ रहे पूर्व मुख्यमंत्री लक्ष्मीकांत पारसेकर को भी भाजपा ने टिकट से वंचित कर दिया था। 2017 में कई दलों के साथ मिलकर भाजपा ने सरकार बना ली थी, जबकि सर्वाधिक 17 सीटें जीतकर भी कांग्रेस सत्ता से दूर रह गई थी।

हिजाब विवाद के बाद अब स्कूलों में नमाज पढ़ने को लेकर हंगामा

नई दिल्ली (ईएमएस)। कर्नाटक में हिजाब विवाद के बीच दक्षिण कन्नड़ और बागलकोट जिलों में दो प्राथमिक स्कूलों के छात्रों की कक्षा में नमाज अदा करने की तस्वीरें और वीडियो सामने आए हैं। दोनों वीडियो से वायरल है। एक वीडियो दक्षिण कन्नड़ के अंकथडका के एक सरकारी प्राथमिक विद्यालय का बताया जा रहा हैष दूसरा बागलकोट के मौलाना अबुल कलाम आज़ाद स्कूल में शूट किया गया है। वीडियो वायरल होते ही ही दक्षिण कन्नड़ स्कूल में इस मुद्दे को सुलझा लिया गया, लेकिन बागलकोट में विवाद जारी है। कदबा सरकार के उच्च प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका जलजा ने टीओआई को बताया कि कक्षाओं में नमाज अदा करने वाले बच्चों के माता-पिता शनिवार को स्कूल विकास और निगरानी समिति (एसडीएमसी) की बैठक में शामिल हुए। जलजा ने आगे बताया उन्होंने सहमति व्यक्त की कि इस तरह के उदाहरण स्कूल में दोबारा नहीं होंगे। सभी माता-पिता ने कहा कि उनके बच्चे स्कूल में ऐसी कोई धार्मिक गतिविधि नहीं करेंगे। बैठक का हिस्सा रहे पुत्तूर प्रखंड शिक्षा अधिकारी लोकेश सी ने कहा कि माता-पिता ने अकादमिक गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित करने और एकजुट रहने का फैसला किया है। वे स्कूल में शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने के लिए एसडीएमसी के साथ सहयोग करने पर सहमत हुए। जन शिक्षा उपनिदेशक श्रीशैल बिरदार ने बताया कि मौलाना अबुल कलाम आजाद स्कूल के छात्रों ने शुक्रवार को दोपहर के भोजन के दौरान शिक्षकों की जानकारी के बिना नमाज अदा की।

इशान और चाहर सबसे महंगे बिके

मिलर, स्मिथ सहित कुछ खिलाड़ी नहीं बिके

बेंगलुरु (ईएमएस)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) नीलामी में पहले दिन युवा विकेटकीपर बल्लेबाज इशान किशन सबसे महंगे बिके। उन्हें 15.25 करोड़ रुपये मिले। वहीं गेंदबाज के तौर पर दीपक चाहर को सबसे महंगे 14 करोड़ रुपए मिले। यह नीलामी 15 सत्र के लिए 10 टीमों के बीच हो रही है। इसमें 500 से ज्यादा खिलाड़ी शामिल हैं जिसमें विदेशी खिलाड़ी भी शामिल हैं।

मुंबई इंडियंस : इशान किशन 15.25 करोड़, डिवॉल्ड ब्रेविस 3 करोड़, बेसिल थंपी 30 लाख, मुरुगन अश्विन 1.60 करोड़,

चेन्नई सुपरकिंग्स : रॉबिन उथप्पा 2 करोड़, ड्वेन ब्रावो 4.40 करोड़, अंबाती रायडू 6.75 करोड़, दीपक चाहर 14 करोड़, केएम असिफ 30 लाख, तुषार देशपांडे 20 लाख।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर - फाफ डुप्लेसिस 7 करोड़, हर्षल पटेल 10.75 करोड़, वानिंदु हसरंगा 10.75 करोड़, दिनेश कार्तिक 5.5 करोड़, जोश हेजलवुड 7.75 करोड़, शाहबाज अहमद 2.4 करोड़, अनुज रावत 3.40 करोड़, आकाश दीप 20 लाख,

कोलकाता नाइट राइडर्स : पैट कमिंस 7.25 करोड़, श्रेयस अय्यर 12.25 करोड़, नितिश राणा 8 करोड़, शिवम मावी 7.25 करोड़, शेल्डन जैक्सन 60 लाख।

दिल्ली कैपिटल्स : डेविड वार्नर 6.25 करोड़, मिचेल मार्श 6.50 करोड़, शार्दुल ठाकुर 10.75 करोड़, मुस्ताफिजुर रहमान 2 करोड़, कुलदीप यादव 2 करोड़, अश्विन हेबर 20 लाख, सरफराज खान 20 लाख, कमलेश नागरकोटि 1.10 करोड़, केएस भरत 2.00 करोड़।

पंजाब किंग्स : शिखर धवन 8.25 करोड़, रबाडा 9.25 करोड़, राहुल चाहर 5.25 करोड़, शाहरुख खान 9 करोड़, हरप्रीत बराड़ 3.8 करोड़, प्रभसिमरण सिंह 60 लाख, जितेश शर्मा 20 लाख, ईशान पोरेल 25 लाख।

राजस्थान रॉयल्स : आर अश्विन 5 करोड़, शिमरॉन हेटमायर 8.50 करोड़, देवदत्त पडिक्कल 7.75 करोड़, ट्रेंट बोल्ट 8 करोड़, प्रसिद्ध कृष्णा 10 करोड़, युजी चहल 6.50 करोड़, केसी करियप्पा 30 लाख।

सनराइजर्स हैदरबाद : वॉशिंगटन सुंदर 8.75 करोड़, निकोल्स पूरन 10.75 करोड़, टी नटराजन 4 करोड़, भुवनेश्वर कुमार 4.20 करोड़, प्रियम गर्ग 20 लाख, अभिषेक शर्मा 6.50 करोड़, कार्तिक त्यागी 4.00 करोड़, श्रेयस गोपाल 75 लाख, जगदीश सुचिथ 20 लाख, जगदीश सुचिथ 20 लाख।

गुजरात टाइटन्स : मोहम्मद शमी 6.25 करोड़, जेसन रॉय 2 करोड़,लॉकी फॉर्ग्यूसन 10 करोड़, अभिनव सदारंगी 2.6 करोड़, राहुल तेवतिया 9 करोड़ रुपए, आर साईं किशोर 3 करोड़।

लखनऊ सुपरजायंट : क्विटंन डिकॉक 6.75 करोड़, मनीष पांडे 4.60 करोड़, जेसन होल्डर 8.75 करोड़, दीपक हुड्डा 5.75 करोड़, क्रुणाल पांडया 8.25 करोड़, मार्क वुड 7.50 करोड़, आवेश खान 10 करोड़ और अंकित राजपूत 50 लाख।

इन खिलाड़ियों को किसी टीम ने नहीं खरीदा : डेविड मिलर, सुरेश रैना, स्टीव स्मिथ, शाकिब अल हसन, मोहम्मद नबी, मैथ्यू वेड, ऋद्धिमान साहा, सैम बिलिंग्स, उमेश यादव, आदिल रशीद, मुजीब जादरान, मुजीब उर रहमान, इमरान ताहिर, एडम जंपा व अमित मिश्रा।

एक ट्वीट से कई निशाने सीएम अरविंद केजरीवालसब मुझे गालियां दे रहे हैं मेरा कसूर

पटियाला (ईएमएस)। पंजाब में कुछ ही दिनों में वोटिंग होनी है, ऐसे में आखिरी वक्त में चुनाव प्रचार जोरों पर है। एक दूसरे पर आरोप भी पंजाब में इस वक्त खूब लगाए जा रहे हैं। आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट के जरिए सभी दलों के नेताओं पर गंभीर आरोप लगाए। केजरीवाल ने कहा कि सभी नेता मिलकर मुझे गालियां दे रहे हैं। अमित शाह जी ने आज मुझे खूब गालियां दीं। चन्नी साहिब, सुखबीर बादल रोज मुझे गालियां देते हैं। ये एक-दूसरे को गाली नहीं देते, केवल मुझे गाली देते हैं। अरविंदर केजरीवाल ने ट्वीट के जरिए पूछा कि मेरा कसूर क्या है। मैं पंजाब के लोगों के लिए रोजगार मुहैया कराना चाहता हूं। बिजली और पानी को ठीक करना चाहता हूं। स्कूल और अस्पताल ठीक करना चाहता हूं। अमित शाह जी ने आज मुझे खूब गालियां दीं। चन्नी साहिब, सुखबीर बादल रोज मुझे गालियां देते हैं। ये एक-दूसरे को गाली नहीं देते, केवल मुझे गाली देते हैं। अरविंदर केजरीवाल ने ट्वीट के जरिए पूछा कि मेरा कसूर क्या है। मैं पंजाब के लोगों के लिए रोजगार मुहैया कराना चाहता हूं। बिजली और पानी को ठीक करना चाहता हूं। स्कूल और अस्पताल ठीक करना चाहता हूं।

एबीजी शिपयार्ड घोटाले में केंद्र सरकार पर कांग्रेस का हमला-जनता के पैसा लुटवाओ और फ्रॉडस्टर को भगवाओ

मोदी की लूटो-भागो फ्लैगशिप योजना

-सुरजेवाला बोले-7 साल में 14 लाख करोड़ लूटा दिया मोदी सरकार ने

चंडीगढ़ (ईएमएस)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव रणदीप सुरजेवाला ने चंडीगढ़ में प्रेस कॉन्फ्रेस करके मोदी सरकार पर एबीजी शिपयार्ड के साथ मिलीभगत के आरोप लगाए है। सुरजेवाला ने कहा कि वे हिंदुस्तान के सबसे बड़े बैंक फ्रॉड के तथ्य लेकर आए हैं। जनता के पैसा लुटवाओ और फ्रॉडस्टर को भगवाओ। यह मोदी सरकार की लूटो और भागो फ्लेगशिप स्कीम है।

सुरजेवाला ने कहा कि 22 हजार 842 करोड़ रुपए का घोटाला मोदी सरकार के नाक तले हुआ है। साढ़े 7 साल में मोदी सरकार में 5 लाख 35 हजार करोड़ रुपए के बैंक फ्रॉड हुए हैं। बैंकों ने देश के लोगों की 8 लाख 70 हजार करोड़ रुपए की राशि बटे खाते में डाल दी है। तीसरा मोदी सरकार के सात साल में बैंकों के एमपीए में 21 लाख करोड़ का इजाफा हुआ है। यह मोदी सरकार की मिस मैनेजमेंट का परिणाम है। आज तक हिंदुस्तान के लोग जागे तो एबीजी शिपयार्ड और उसके मालिक रिषी अग्रवाल देश के 28 बैंकों के 22 हजार 482 करोड़ रुपए का फ्रॉड किया है। यह 75 साल में सबसे बड़ा बैंक फ्रॉड है। उन्होंने कहा कि 5 साल की देरी के बाद बार-बार फाइलें इधर से उधर करने के बाद, भाग जाने के बाद 60 महीने की देरी के बाद सीबीआई ने 7 फरवरी 2022 को 28 बैंकों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। यह पहली बार नहीं है। मोदी की लूट और स्केप स्कीम के कई मोहरे देश ने देखें। जिसमें नीरव मोदी, मेहुल चौकसी, अमीर मोदी, निशल मोदी, ललित मोदी, विजय माल्या, जतिन मेहता, चेतन संदेसरा, रिषी अग्रवाल शामिल है।

सुरजेवाला ने कहा कि 8 नवंबर 2019 को एसबीआई ने सीबीआई को एफआईआर दर्ज करने के लिए कहा। सीबीआई ने एफआईआर दर्ज नहीं और फाइल वापस भेज दी। जनता का पैसा लूटा जा रहा था और सीबीआई और एसबीआई पत्र- पत्र खेल रहे थे। दूसरी बार एसबीआई ने 25 अगस्त 2020 सीबीआई को लिखा। डेढ़ साल 7 फरवरी 2022 को पांच साल बाद एफआईआर दर्ज हुई । एसबीआई ने जो चिठ्ठी लिखी उसमें लिखा कि बैंकिंग अधिकारी निर्दोष है।

रणदीप का आरोप है कि नरेंद्र मोदी ने गुजरात के सीएम रहते हुए एबीजी शिपयार्ड को 2007 में एक लाख 21 हजार स्क्वायर मीटर जगह अलॉट करवाई। यह खुलासा कैग की रिपोर्ट में है। तब नरेंद्र मोदी गुजरात के सीएम थे। इसके बाद मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी ने एबीजी शिपयार्ड को गुजरात में सरकार की एक्वायर हुई जमीन में से 50 हेक्टेयर जमीन ओर दे दी। तीसरा रुचिकर तथ्य यह है कि रिषी अग्रवाल और एबीजी शिपयार्ड चार वाइब्रेंट गुजरात समिट में नरेंद्र मोदी के साथ 22 हजार करोड़ की इन्वेस्टमेंट कमिट कर चुका है। चौथा रुचिकर तथ्य 2013 में कोरिया गए तो उनके डेलिगेशन में रिषी अग्रवाल नाम का ही व्यक्ति ही शामिल है। कांग्रेस के देश की सरकार के सीधे सवाल है। जब एबीजी शिपयार्ड को दिवालिया घोषित करने की प्रकिया 1 अगस्त 2017 को चालू हो गई थी। तब पांच साल एफआईआर करने में क्यों लगे। चौकीदार सांझीदार तो नहीं है। रिषी अग्रवाल अब हिंदुस्तान के नागरिक नहीं है। वे अब सिंगापुर के नागरिक हैं।

तस्वीर में राहुल गांधी से दिख रही लड़की अंबा प्रसाद, हिजाब गर्ल' मुस्कान नहीं

नई दिल्ली (ईएमएस)। सोशल मीडिया पर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के साथ लड़की की मुलाकात की तस्वीर इनदिनों खूब वायरल हो रही है। दावा किया जा रहा है कि यह लड़की कोई और नहीं बल्कि 'हिजाब गर्ल' मुस्कान खान है। कुछ दिन पहले मुस्कान अल्लाह-हू-अकबर का नारा लगाकर सुर्खियों में आई हैं। हालांकि, ये दावे बिल्कुल फर्जी हैं। राहुल गांधी के साथ खड़ी जिस लड़की को मुस्कान बताया जा रहा हैं, वहां झारखंड से कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद हैं। उन्होंने ट्वीट कर खुद इस तरह के सभी दावों को खारिज किया है।

अंबा झारखंड के बड़कागांव से विधायक हैं। 8 फरवरी 2022 को वहां झारखंड के कुछ अन्य कांग्रेस सांसदों के साथ राहुल गांधी से मिलने पहुंची थीं।इस मुलाकात के दौरान यह फोटो खींची गई। इसमें राहुल और अंबा अगल-बगल खड़े हैं। फोटो को अंबा प्रसाद ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर भी पोस्ट किया था। सोशल मीडिया पर यही तस्वीर अचानक वायरल होने लगी। दावा होने लगा कि फोटो में राहुल के साथ मुस्कान खान हैं।इस पर अंबा प्रसाद ने सफाई देकर स्पष्ट किया कि तस्वीर में मुस्कान खान नहीं, बल्कि वह खुद हैं।

अमित शाह ने नशामुक्त पंजाब नारे के साथ की प्रचार में एंट्री

लुधियाना (ईएमएस)। पंजाब के चुनावी प्रचार में गृह मंत्री की एंट्री हो गई है। किसान आंदोलन के बाद से आज अमित शाह पहली बार पंजाब आए हैं। उन्होंने लुधियाना में जनता को संबोधित करते हुए नशामुक्त पंजाब का नारा दिया। उन्होंने इस नारे के साथ ही सिखों के दस गुरुओं के नमन कर संबोधन शुरू किया। अमित शाह ने इस दौरान कांग्रेस, आप समेत अन्य विपक्षी पार्टियों पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा चन्नी के नेतृत्व में पंजाब सुरक्षित रह सकता है क्या। कांग्रेस को पता होना चाहिए कि देश चलाना है कोई कॉमेडी फिल्म नहीं है। वहीं केजरी वाल पर निशाना साधते हुए शाह कहते हैं, 'केजरीवाल साहब सिर्फ वोट की राजनीति करते हैं। इनका सुरक्षा से कोई लेना देना नहीं है।' उन्होंने कहा कि यूपीए की सरकार में प्रदेश में हर रोज आतंकी घुसते थे। लेकिन हमने 10 दिन में पाकिस्तान में घुस कर एयर स्ट्राइक की और दुश्मनों को करारा जवाब दिया। पीएम मोदी ने 2014 में देश की सत्ता संभाली थी और 2015 में वन रैंक वन पेंशन दिया गया। शाह ने कहा कि चन्नी साहब आप फिर से सरकार बनाने का खव्वाब देख रहे हैं। आप पीएम को पंजाब आने पर सुरक्षित नहीं रख पाए पंजाब को क्या सुरक्षा देंगे। शाह ने चन्नी को आरे हाथो लेते हुए कहा कि उन्हें एक सेंकड भी यहां शासन करने का अधिकार नहीं है। उन्होंने दावा किया कि पंजाब में एक बार एनडीए की सरकार आती है तो पांच साल में ड्रग की विदाई हो जाएगी। उन्होंने चन्नी साहब से सिख दंगे का हिसाब मांगते हुए कहा कि इस दंगे को आज भी कोई नहीं भूला है। शाह ने कहा कि पंजाब में एनडीए की सरकार आती है तो धर्म परिवर्तन की समस्या खत्म कर दी जाएगी। उन्होंने कहा बीजेपी आई तो धर्म परिवर्तन कराने वाले पंजाब के बाहर दिखाई देंगे। गृहमंत्री ने केजरीवाल पर हमला बोलते हुए कहा कि केजरीवाल कहते है कि उनकी सरकार आती है तो वो नशे को भगाएंगे। दिल्ली को नशे में डुबोने के बाद कहते हैं कि पंजाब को नशा मुक्त पंजाब बनाएंगे। शाह ने कहा कि पंजाब की जनता ने कांग्रेस का मौका दिया, अकालियों को दिया और केजरीवाल मौका देने जैसे ही नहीं है।

बीजेपी दिल्ली से चला रही थी अमरिंदर सिंह की सरकारः प्रियंका गांधी

पटियाला (ईएमएस)। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने रविवार को बीजेपी और पंजाब के पूर्व सीएम कैप्टन अमरिंदर सिंह पर जमकर हमला बोला। प्रियंका ने कहा कि दिल्ली से बीजेपी कैप्टन अमरिंदर सिंह की सरकार चला रही थी। प्रियंका गांधी से पंजाब में नेतृत्व बदलने का कारण पूछा गया था। वाड्रा ने कहा, 'हमने पंजाब में 5 साल सरकार चलाई। लेकिन इस सरकार ने पंजाब से नहीं बल्कि दिल्ली से चल रही थी और इसे कांग्रेस नहीं बल्कि बीजेपी चला रही थी। पिछले साल सितंबर में अमरिंदर के इस्तीफे के बाद चरणजीत सिंह चन्नी को मुख्यमंत्री बनाया गया था। अमरिंदर ने गंभीर आरोप लगाते हुए पार्टी को अलविदा कहा था। इसके बाद अमरिंदर सिंह ने अपनी एक पार्टी बना ली और बीजेपी के साथ चुनाव के लिए गठबंधन किया। अमरिंदर सिंह की पंजाब लोक कांग्रेस पार्टी बीजेपी और शिरोमणि अकाली दल (संयुक्त) के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ रही है। पंजाब में 20 फरवरी को चुनाव होने हैं और 10 मार्च को चुनाव के नतीजे आएंगे। साल 2017 में पंजाब में कांग्रेस ने बहुमत हासिल करते हुए 77 सीट जीती थीं और 10 साल से सत्ता में रही बीजेपी-शिरोमणि अकाली दल की सरकार को उखाड़ फेंका था। वहीं अमरिंदर सिंह अपने गृह क्षेत्र पटियाला शहरी सीट से फिर चुनाव मैदान में उतरे हैं और ऐसे में अपने पिता के लिए चुनाव प्रचार कर रहीं सिंह की बेटी जय इंदर कौर ने भरोसा जताया कि उनके पिता एक बार फिर विजय हासिल करेंगे। दो बार मुख्यमंत्री रहे अमरिंदर सिंह और उनके परिवार की पटियाला निर्वाचन क्षेत्र में मजबूत पकड़ है। पटियाला के पूर्ववर्ती राजपरिवार के वंशज सिंह ने कांग्रेस उम्मीदवार के तौर पर 2002, 2007, 2012 और 2017 में पटियाला शहरी सीट से चुनाव जीता था। कौर ने पिछले चुनाव में भी अपने पिता के लिए चुनाव प्रचार किया था। उन्होंने कहा कि बीजेपी के कार्यकर्ता भी उन्हें अपना पूरा समर्थन दे रहे हैं। उन्होंने कहा, वे हमारा समर्थन कर रहे हैं और वे सभी जगह हमारे साथ जा रहे हैं। यह बहुत अच्छी स्थिति है। सिंह ने पिछले दिनों कहा था कि मुख्यमंत्री के रूप में साढ़े चार साल के कार्यकाल में उन्होंने पटियाला के लिए 1,800 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को मंजूरी दी।

यूक्रेन संकट पर बाइडेन-पुतिन फोन वार्ता बेनतीजा, अमेरिका ने रूस को दी चेतावनी

वाशिंगटन (ईएमएस)। यूक्रेन सीमा पर रूस की सेना के भारी जमावड़े के बाद गहराते युद्ध के हालात के बीच रूसी राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन तथा अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के बीच फोन पर चली लंबी वार्ता समाप्त हो गई। व्हाइट हाउस का कहना है कि ऐसी रिपोर्ट है कि रूस जल्द ही यूक्रेन पर आक्रमण कर सकता है। व्हाइट हाउस ने बताया कि दोनों नेताओं के बीच 62 मिनट तक बातचीत हुई। इससे पहले पुतिन की फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से रूस और यूरोप की सुरक्षा पर एक घंटा चालीस मिनट वार्ता हुई। पुतिन से वार्ता में बाइडेन ने यूक्रेन पर हमला होने की स्थिति में कड़े जवाब की चेतावनी दी। बाइडेन ने कहा, यह जवाब इतने व्यापक असर वाला होगा कि उससे रूस का दुनिया में टिके रह पाना मुश्किल हो जाएगा। इस बीच अमेरिका ने यूक्रेन से अपने दूतावास कर्मी और 150 मिलिटरी ट्रेनर बुलाने का फैसला किया है। ये ट्रेनर यूक्रेन में सैनिकों को मदद में दिए गए अमेरिकी हथियार चलाने का प्रशिक्षण देने गए थे। रूस के बचे हुए राजनयिकों और अन्य कर्मचारियों ने भी यूक्रेन छोड़ना शुरू कर दिया है। यूक्रेन की सीमाओं पर बनी स्थिति को देखते हुए अमेरिका और उसके सहयोगी देशों ने अपने नागरिकों से 48 घंटे में यूक्रेन छोड़ने के लिए कहा है।

तीन तरफ से चार मोर्चो पर यूक्रेन के घिरने के बाद अमेरिका सहित पश्चिमी देशों ने नागरिकों से निकलने के लिए कहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन ने साफ कर दिया है कि युद्ध छिड़ने के बाद यूक्रेन से नागरिकों को निकालना संभव नहीं होगा, इसलिए सभी अमेरिकी जल्द से जल्द वहां से निकल आएं। अमेरिका ने कहा है कि यूक्रेन पर रूसी हमले की शुरुआत हवाई हमलों और मिसाइल प्रहार से हो सकती है, इसके बाद थल सेना और नौसेना के हमले होंगे। ये हमले बीजिंग में विंटर ओलिंपिक को 20 फरवरी को समापन से पहले हो सकते हैं। अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलीवान ने कहा है कि यूक्रेन सीमा पर रूसी सैन्य तैनाती बढ़ रही है और बहुत जल्द हमले का अंदेशा है। इस बीच राष्ट्रपति बाइडेन ने पोलैंड में तीन हजार अमेरिकी सैनिक और भेजने का निर्देश दिया है। हाल ही में अमेरिका ने यहां पर 1,700 सैनिक भेजे हैं। अमेरिका और उसके सहयोगी देशों ने यूक्रेन पर हमला होने पर रूस का कड़े आर्थिक प्रतिबंधों की चेतावनी दी है।

रूस यूक्रेन को नाटो (उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन) में शामिल न किए जाने का स्पष्ट आश्वासन चाहता है। उसे आशंका है कि यूक्रेन को नाटो में शामिल कर पश्चिमी देश रूस की सीमा पर अपनी मिसाइलें तैनात कर देंगे। इससे रूस पर खतरा बढ़ जाएगा। रूस की इस मांग पर अमेरिका और नाटो कोई जवाब नहीं दे रहे। रूस की एक अन्य मांग पूर्वी और मध्य यूरोपीय देशों से नाटो की सैन्य तैनाती हटाए जाने की है। इस पर भी अमेरिका के नेतृत्व वाले नाटो ने कोई जवाब नहीं दिया है। रूस ने इसे पश्चिमी देशों का अपमानजनक आचरण बताया है। कहा है कि पश्चिमी देशों को रूस समेत पूरे क्षेत्र की सुरक्षा की चिंता नहीं है। वे केवल युद्ध का हौव्वा खड़ा करने में लगे हैं और क्षेत्र में तनाव बढ़ा रहे हैं, जबकि रूसी सेनाएं अपनी सीमा के भीतर हैं।रूस ने यूक्रेन की सीमा पर एक लाख से ज्यादा सैनिकों का जमावड़ा कर रखा है और पड़ोसी देश बेलारूस में युद्धाभ्यास के लिए अपने सैनिक भेजे हैं। एक अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि खुफिया सूचना मिली है कि रूस बुधवार को हमला कर सकता है। हालांकि उन्होंने कहा कि यह सूचना कितनी पुष्ट है, इस बारे में कुछ कहा नहीं जा सकता।

अपने भाई के लिए अपनी जान कुर्बान कर सकती हूं प्रियंका गांधी का सीएम योगी पर पलटवार

नई दिल्ली (ईएमएस)। पिछले कई सालों से देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस में चली आ रही अंदरूनी कलह किसी से छुपी नहीं है। वो चाहे राजस्थान, मध्य प्रदेश की बात हो या फिर वर्तमान में पंजाब की बात हो, जहां विधानसभा चुनाव होना है। हालांकि पार्टी के कई नेता इस बात से इनकार करते रहते हैं। लेकिन बीजेपी मौका मिलने पर हमलावर रहती है। इसी बीच कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने सीएम योगी के एक बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि बीजेपी में संघर्ष है, कांग्रेस में नहीं। प्रियंका गांधी वाड्रा ने रविवार को कहा कि मैं अपने भाई (राहुल गांधी) के लिए अपनी जान कुर्बान कर सकती हूं और वह भी मेरे लिए ऐसा कर सकता है। संघर्ष भाजपा में है, कांग्रेस में नहीं। योगी-मोदी और अमित शाह के बीच हितों का टकराव हो सकता है। बता दें कि प्रियंका गांधी ने सीएम योगी आदित्यनाथ के एक बयान पर पलटवार किया है। दरअसल, हाल ही में उत्तराखंड की टिहरी में सीएम योगी ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा था कांग्रेस तो पूरे देश के अंदर डूब रही है। थोड़ा जहां वजूद था भी, वहां पर डुबोने के लिए दोनों भाई बहन पर्याप्त हैं, किसी तीसरे की जरूरत नही पड़ेगी। इसके अलावा उन्होंने जनता से कहा कि इसलिए क्यों उस डूबते हुए जहाज में बैठेंगे। डूबते हुए जहाज में नहीं बैठना चाहिए। उसको उसके हाल में छोड़ देना चाहिए। इसके अलावा सीएम योगी ने एक ट्वीट में लिखा था कि लिखा था कि भाई बहन के आपसी विवाद और वर्चस्व के कारण कांग्रेस डूब जाएगी। कोटकपुरा में 'नवी सोच नवा पंजाब' चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने आम आदमी पार्टी पर हमला किया और दावा किया कि आप दक्षिणपंथी हिंदू संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से निकली है। कोटकपूरा से कांग्रेस उम्मीदवार अजयपाल सिंह संधू के लिए प्रचार करते हुए उन्होंने कहा, ठपंजाब सरकार पंजाब से चलाई जानी चाहिए, दिल्ली से नहीं, जैसा कि आप या बीजेपी के सत्ता में आने पर किया जाएगा।ठ प्रियंका गांधी वाड्रा ने इस बात पर भी जोर दिया कि कांग्रेस पार्टी के सीएम चन्नी ठआप के बीच एक आम आदमीठ हैं। उन्होंने कहा, 'पंजाब में पिछले पांच साल से हमारी कांग्रेस की सरकार है। इस सरकार ने पंजाब से संचालित होना बंद कर दिया, इसके बजाय इसे दिल्ली से संचालित किया जा रहा था, कांग्रेस द्वारा नहीं बल्कि भाजपा द्वारा। यह छिपा हुआ गठबंधन अब सबके सामने आ गया है। चन्नी को मुख्यमंत्री बनाने के पीछे यही कारण है।पूर्व कांग्रेसी अमरिंदर सिंह ने सीएम पद से इस्तीफा देने के बाद पंजाब लोक कांग्रेस नाम से अपनी पार्टी शुरू की। पंजाब में पीएलसी और बीजेपी गठबंधन के साथ चुनाव लड़ रही है। गौरतलब है कि पंजाब में 20 फरवरी को मतदान होगा। वोटों की गिनती 10 मार्च को होगी।

हिजाब विवाद : कर्नाटक में कल से खुलेंगे स्कूल, मुख्यमंत्री बोम्मई की चेतावनी, कहा- गड़बड़ी करने वालों पर हो सख्त कार्रवाई

बेंगलुरु । कर्नाटक में हिजाब को लेकर मचे हंगामे के बीच सोमवार से 10वीं तक के स्कूल खुल रहे हैं। मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने पठन-पाठन का कार्य शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में पठन-पाठन का काम होने की उम्मीद जताई है। साथ ही चेतावनी देते हुए यह भी कहा है कि गड़बड़ी करने वालों को सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उडुपी जिले में शैक्षणिक संस्थानों के 200 मीटर के दायरे में धारा 144 लगा दी गई है जो 19 फरवरी तक जारी रहेगी। इस बीच सोमवार से ही शुरू हो रहे विधानसभा के संयुक्त सत्र में भी इस मसले को लेकर हंगामे के आसार हैं।

हुबली में रविवार को संवाददाताओं से बातचीत में मुख्यमंत्री बोम्मई ने कहा कि हालात की समीक्षा करने के बाद प्री-यूनिवर्सिटी और डिग्री कालेजों को खोलने का फैसला किया जाएगा। हिजाब विवाद के चलते राज्य सरकार ने नौ फरवरी को सभी शिक्षण संस्थानों को तीन दिन के लिए बंद करने की घोषणा की थी। कर्नाटक हाई कोर्ट के फैसले के बाद राज्य सरकार सरकार ने हाई स्कूलों को 14 फरवरी से खोलने का एलान किया था। हाई कोर्ट ने फैसला आने तक शैक्षणिक संस्थानों में हिजाब, भगवा गमछा या धार्मिक पहचाने वाले किसी भी पोशाक के पहनने पर रोक लगा दी है।

हिजाब विवाद के पीछे कुछ संगठनों और विदेशी हाथ होने संबंधी सवाल पर बोम्मई ने कहा कि मीडिया और इंटरनेट मीडिया पर इस तरह की खबरों का जांच एजेंसियों ने संज्ञान लिया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की पहली प्राथमिकता स्कूल खोलना और शांत माहौल में पढ़ाई शुरू कराना है, क्योंकि मार्च-अप्रैल में बोर्ड परीक्षाएं शुरू होने वाली हैं।

जन हितैषी

राहत की ओर

कोरोना वायरस महामारी संकट में सुधार को देखते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने अंतरराष्ट्रीय आगमन के लिए नई गाइडलाइन जारी की। इसके अनुसार, 14 फरवरी से एट रिस्क और अन्य देशों की कैटेगरी हटा दी जाएगी। साथ ही 14 फरवरी से भारत आने वाले यात्रियों को आरटीपीआर टेस्ट कराने की जरूरत नहीं होगी। इसके बदले पूर्ण टीकाकरण की रिपोर्ट अपलोड करनी होगी। गाइडलाइन के अनुसार, जो यात्री भारत की यात्रा कर रहे हैं, उन्हें यात्रा से पहले एयर सुविधा पोर्टल पर सेल्फ डिक्लेरेशन फॉर्म में पूरी और फैक्चुअल जानकारी देनी होगी, जिसमें पिछले 14 दिनों का यात्रा की डिटेल भी शामिल होगी। यात्रियों को यात्रा शुरू करने से 72 घंटे के भीतर निगेटिव आरटी-पीसीआर टेस्ट रिपोर्ट या फुली वैक्सीनेटेड का सर्टिफिकेट

अपलोड करना होगा। हालांकि, यह विकल्प केवल उन 72 देशों से आने वाले यात्रियों के लिए ही है, जिनके वैक्सीनेशन कैंपेन को भारत सरकारपारस्परिक कार्यक्रम के हिस्से के रूप में मान्यता देती है। इन देशों में कनाडा, हांगकांग, संयुक्त राज्य अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, बहरीन, कतर, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और कुछ यूरोपीय देश शामिल हैं। यह राहत की बात

है कि कोरोना का असर अब कम पड़ता दिख रहा है। रोजाना संक्रमण का आंकड़ा एकलाख से नीचे आ जाना बता रहा है कि तीसरी लहर कमजोर पड़ने लगी है। हालांकि यह कहना भी एकदम सही नहीं होगा कि खतरा टल गया है। अब तक की तीन लहरों का अनुभव तो यही बताता है कि जरा-सी लापरवाही भी हमें फिर से बड़े जोखिम में धकेल देती है। रोजाना संक्रमण, उपचाराधीन मरीजों और मौतों के आंकड़े कभी तेजी से बढ़ने लगते हैं तो कभी कम होते दिखते हैं और हम मान बैठते हैं कि अब महामारी खात्मे की ओर है। लेकिन हकीकत में अब तक ऐसा हुआ नहीं। फिर महामारी विशेषज्ञ भी अगली लहर के खतरे को लेकर कुछ कह पाने की स्थिति में हैं नहीं। इसलिए सतर्क रहने जरूरत तो है। यह हम देख ही चुके

हैं कि दूसरी लहर आने के पहले कोरोना से मुक्ति का दावा किया जाने लगा था और इसी के बाद लोग बेहद लापरवाह हो गए थे। इसका असर दूसरी लहर के दो महीनों में हुई दो लाख मौत के रूप में सामने आया था। भारत में कोरोना से मरने वालों का आंकड़ा अब पांच लाख के ऊपर निकल चुका है। हालांकि इस आंकड़े को लेकर भी विवाद कम नहीं रहे हैं। कई अध्ययनों में दावा किया जाता रहा है कि भारत में कोरोना से मरने वालों की संख्या सरकारी आंकड़ों की तुलना में कई गुना ज्यादा है। वैसे कोरोना संक्रमण से मरने वालों की सही-सही संख्या का पता लगा पाना व्यावहारिक तौर पर इसलिए भी संभव नहीं दिखता क्योंकि हमारे पास ऐसा पुख्ता और सटीक तंत्र ही नहीं है। ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं का हाल किसी से छिपा नहीं है। हकीकत तो यह है कि कोरोना से मौत के जितने मामले सरकारी और निजी अस्पतालों के रजिस्टरों में दर्ज हैं, वे ज्यादातर शहरी इलाकों के ही हैं। वैसे अब हम

महामारी के साथ रहने के आदी हो चले हैं। जिन-जिन राज्यों में रोजाना संक्रमण और उपचाराधीन मामलों की संख्या घटने लगी है, वे सभी अपने यहां प्रतिबंधों में ढील दे रहे हैं। दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की सलाह पर दिल्ली सरकार ने लगभग सारे प्रतिबंध हटा लिए हैं। स्कूल, कालेज, विश्वविद्यालयों सहित सभी शिक्षण संस्थान, जिम, तरणताल, बाजार आदि खोल

दिए हैं। यानी कोशिश इस बात की है कि जनजीवन वैसा ही सामान्य हो चले जैसा महामारी के पहले था। हालांकि एक अच्छी बात यह भी है कि आबादी के बड़े हिस्से का टीकाकरण हो चुका है। पर यह नहीं भूलना चाहिए कि हम कोरोना से पहले की स्थिति में सिर्फ तभी लौट पाएंगे, जब नागरिक समुदाय अपनी जिम्मेदारी समझते हुए कोरोना से बचाव के नियमों का पालन करेगा। वरना अगली लहर को आने से कोई रोक नहीं पाएगा।

भारत सही है लेकिन सक्रिय क्यों नहीं ?

यूक्रेन को लेकर रूस और अमेरिका के बीच जैसा मुठभेड़ का माहौल बना हुआ है, उसमें मुझे लग रहा था कि चौगुटे (क्वाड) की बैठक में भारत को भी रुस-विरोधी रवैया अपनाने के लिए मजबूर किया जाएगा। यह चौगुटा अमेरिका, भारत, जापान और आस्ट्रेलिया का मैत्रीपूर्ण गठबंधन है। मेलबर्न में हुई इसके विदेश मंत्रियों की बैठक में ऐसा कुछ नहीं हुआ। उस बैठक के बाद जो संयुक्त वक्तव्य जारी हुआ, उसमें यूक्रेन का कहीं नाम तक नहीं है। भारत के अलावा तीनों देश यूक्रेन के मामले में रूस-विरोधी रवैया अपनाए हुए हैं। उनके शासनाध्यक्ष और विदेश मंत्री लगभग रोज ही कोई मौका नहीं छोड़ते रूस पर आरोप लगाने का। शायद भारत के तटस्थ रूख के कारण क्वाड की बैठक इस मसले पर मौन रही है। जहां तक पाकिस्तान का प्रश्न है, तीनों राष्ट्रों के विदेश मंत्रियों ने भारत का स्पष्ट समर्थन पहली बार इतने जोरदार शब्दों में किया है। संयुक्त वक्तव्य में साफ-साफ कहा गया है कि हम सीमा-पार से आनेवाले हर आतंकवाद की भर्त्सना करते हैं। हम मुंबई और पठानकोट में हुए आतंकी हमलों की निंदा करते हैं। इस संयुक्त वक्तव्य में पाकिस्तान का नाम लिये बिना भारत की तरह शेष तीनों देशों ने उस पर जमकर शाब्दिक आक्रमण किया है। इसी अमेरिकी आक्रमण की तरफ इशारा करते हुए पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान ने कहा है कि अमेरिका को शीतयुद्ध के दौरान जब पाकिस्तान की जरुरत थी, उसने उसे जमकर इस्तेमाल किया और अब उसे (निरोध की तरह) इस्तेमाल करके फेंक दिया। इन देशों ने अपने बयान में अफगानिस्तान के सवाल पर भी पाकिस्तान की खिंचाई की है। उन्होंने कहा है कि किसी अन्य देश की भूमि को आतंकवाद का अड्डा बनाने के लिए इस्तेमाल करना गलत है। भारत भी अफगानिस्तान को लेकर बराबर यही बात कहता आ रहा है। जहां तक चीन का सवाल है, इन चारों देशों ने चीन पर भी इशारों-इशारे में हमला बोला है। साफ-साफ आक्रमण नहीं किया है। पत्रकार परिषद में हर विदेश मंत्री ने चीन के खिलाफ दो-टूक रवैया अपनाया है लेकिन शायद भारत का लिहाज रखते हुए संयुक्त वक्तव्य में सिर्फ यही कहा गया है कि हिंद प्रशांत क्षेत्र को खुला और नियंत्रण-मुक्त रखा जाना चाहिए ताकि विभिन्न राष्ट्र अपने हितों की रक्षा कर सकें। लेकिन इस रवैए की भी चीनी सरकार के प्रवक्ता ने कड़ी भर्त्सना की है। उसने कहा है कि यह चौगुटा बनाया ही इसलिए गया है कि चीन का विरोध किया जाए। म्यांमार के मामले में भी हमारे विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि म्यांमार में हम लोकतंत्र और नागरिक आजादी का समर्थन करते हैं लेकिन उस पर हम अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंध लगाने के हक में नहीं हैं। भारत का यह संतुलित रवैया इसलिए ठीक है कि म्यांमार हमारा पड़ौसी देश है और हमारे बहुत से हित उससे जुड़े हुए हैं। कुल मिलाकर सभी मुद्दों पर चौगुटे की बैठक में भारत का रवैया ठीक रहा लेकिन समझ में नहीं आता कि यूक्रेन और म्यांमार के मामलों में भारत सक्रियता क्यों नहीं दिखा रहा है? वह प्रभावशाली मध्यस्थ बन सकता है लेकिन ऐसा लगता है कि उसके आत्मविश्वास में कुछ कमी है। (लेखक-ईएमएस/ डॉ. वेदप्रताप वैदिक)

दैनिक पंचांग

14 फरवरी 2022 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति



ग्रह स्थिति		लग्नारंभ समय	
सूर्य	कुंभ में	कुंभ	06.33 बजे से
चंद्र	कर्क में	मीन	08.06 बजे से
मंगल	धनु में	मेष	09.37 बजे से
बुध	मकर में	वृष	11.17 बजे से
गुरु	कुंभ में	मिथुन	13.15 बजे से
शुक्र	धनु में	कर्क	15.28 बजे से
शनि	मकर में	सिंह	17.44 बजे से
राहु	वृष में	कन्या	19.56 बजे से
केतु	वृश्चिक में	तुला	22.07 बजे से
राहुकाल 7.30 से 9.00 बजे तक		वृश्चिक	00.22 ब.से
		धनु	02.38 बजे से
		मकर	04.43 बजे से

सोमवार 2022 वर्ष का 45 वां दिन
दिशाशूल पूर्व **ऋतु** शिशिर।
विक्रम संवत् 2078 **शक संवत्** 1943
मास माघ **पक्ष** शुक्ल
तिथि त्रयोदशी 20.29 बजे को समाप्त।
नक्षत्र पुनर्वसु 11.53 बजे को समाप्त।
योग आयुष्मान 21.28 बजे को समाप्त।
करण कौलव 07.39 बजे तदनन्तर तैतिल 20.29 बजे को समाप्त।
चन्द्रायु 12.8 घण्टे
रवि क्रान्ति दक्षिण 13° 06'
सूर्य उत्तरायन
कलि अहर्गण 1871159
जूलियन दिन 2459624.5
कलियुग संवत् 5123
कल्पारंभ संवत् 1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885123
वीरनिर्वाण संवत् 2548
हिजरी सन् 1443 **महीना** रज्जब
तारीख 12
विशेष प्रदोष व्रत, प्रभु नित्यानंद जयंती, वैलेंटाइन दिवस।

दिन का चौघड़िया			रात का चौघड़िया		
अमृत	05.53 से	07.22 बजे तक	चर	05.43 से	07.14 बजे तक
काल	07.22 से	08.50 बजे तक	रोग	07.14 से	08.45 बजे तक
शुभ	08.50 से	10.19 बजे तक	काल	08.45 से	10.17 बजे तक
रोग	10.19 से	11.48 बजे तक	लाभ	10.17 से	11.48 बजे तक
उद्वेग	11.48 से	01.17 बजे तक	उद्वेग	11.48 से	01.19 बजे तक
चर	01.17 से	02.45 बजे तक	शुभ	01.19 से	02.51 बजे तक
लाभ	02.45 से	04.14 बजे तक	अमृत	02.51 से	04.2 बजे तक
अमृत	04.14 से	05.43 बजे तक	चर	04.22 से	05.53 बजे तक

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

वेलेंटाइन डे! हम वास्तविकता से अनभिज्ञ।

पाश्चात्य संस्कृति का अंधानुकरण कर भारत में भी 14 फरवरी को हर वर्ष अविवाहित युवक-युवती वेलेंटाइन डे जोर शोर से मनाते हैं। इस दिवस को हिन्दी में प्रेम प्रसंग दिवस कहते हैं। प्रेम, प्यार, स्नेह, ममता गले मिले बिना जीवन अधूरा है।प्यार का मतलब वासना समझना और पूर्ति के लिये नि:स्वार्थ प्रेम को तिलांजलि देना जीवन को धूल बनाना है। पाश्चात्य संस्कृति और भारतीय संस्कृति में मूल अंतर है। पाश्चात्य संस्कृति जीवन का उद्देश्य मात्र भौतिक सुख को पाना मानती है। जब तक स्त्री सांसारिक सुख दे तब तक साथ रखो फिर बदल दो। जबकि भारतीय संस्कृति मानव जीवन का उद्देश्य चार पुरुषार्थ को पूर्ण करना मानती है। ये चार पुरुषार्थ धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष बताये हैं।

दिगम्बर जैन आचार्य संत शिरोमणि विद्या सागर जी महाराज एवं उनके परम प्रिय शिष्य मुनि पुंगव सुधा सागर जी महाराज के आशीर्वाद से छुल्लक धैर्य सागर जी के संयोजन में ठलव केमिस्ट्रीठ पुस्तक का प्रकाशन हुआ है। पुस्तक में विस्तार से उल्लेख किया है वेलेंटाइन डे या प्रेम प्रसंग दिवस की पाश्चात्य परंपरा कैसे प्रारंभ हुई। आज से लगभग 1600 वर्ष पूर्व रोम में वेलेंटाइन नाम के संत हुए जिन्होंने स्त्रियों के दुखी होकर उन्हें पुरुष की दासता से बचाने, प्यार को वासना की गुलामियों से मुक्ति का अभियान चलाया, उन्होंने भारतीय साहित्य पढ़कर भारतीय संस्कृति के संस्कारों का प्रचार शुरू किया। भारतीय जीवन शैली की महत्ता को स्थापित करते हुए प्यार को अमर बनाने बाली विवाह पद्धति के अनुसार हजारों युवक-युवतियों को जो आपस में प्यार करने के नाम पर शारीरक वासना में लिप्त थे, उन्हें जीवन भर साथ रहने का संकल्प कराया।उनका विवाह करवाया।

इस तरह उनके नैतिक आचार विचार से प्यार या लव वासना के दल दल अथवा कीचड़ में गिरकर गंदा होने से बच गया था। और जीवन सच्चे प्यार सुखी दाम्पत्य जीवन की सुगंध से महक उठा। रोम के क्रूर अत्याचारी राजा फ्लोडियस को महान संत वेलेंटाइन का यह समाज सुधारक पवित्र कार्य अच्छा नहीं लगा राजा ने वेलेंटाइन को 14 फरवरी सन 498 को फांसी पर चढ़ा दिया। उन हजारों लोगों, वैवाहिक जोड़ों जिनके जीवन में संत वेलेंटाइन की प्रेरणा और सद्प्रयास से समय से दाम्पत्य जीवन में खुशी आई थी,उन्होंने ने अपने अमर प्रेम की सौगात मानकर 14 फरवरी को प्रतिवर्ष उस महान आत्मा को याद करने लगे और यह दिवस को वेलेंटाइन डे बन गया।

आज हम वेलेंटाइन डे मनाने के वर्तमान रीति रिवाजों की समीक्षा करें तो पाते है जिस महान संत वेलेंटाइन ने रोम में भारतीय संस्कृति और संस्कारों का अनुशरण कर वैवाहिक पद्धति अपनाने के लिये लाखों युवक-युवतियों को प्रेरित किया।उसी संत के पावन स्मृति दिवस को उन लोगों ने उस दिन का नाम वेलेंटाइन डे दिया। ताकि हर वर्ष उस संत को उसके महान समाज सुधारक कार्य के लिये याद किया जाये। मगर हम देख रहे हैं वेलेंटाइन डे को दुनिया के युवक -युवतियों ने अपने प्यार को मात्र वासना की पूर्ति के लिये 14 फरवरी को प्रेम प्रसंग दिवस बना दिया है। दुनिया के युवक युवतियों का अनुशरण भारत में भी युवा पीढ़ी ने जोर शोर से किया है। 14 फरवरी तो विशेष दिन है । आये दिन बड़े नगरों में नगर निगम नगर पालिका ने बड़े बड़े उद्यान अथवा पार्क आम नागरिकों के लिये विकसित किये हैं, उन पर प्रेमी युगलों ने कब्जा कर लिया ह। वे अपने प्यार के नाम पर वासना की पूर्ति के लिये स्वच्छंद रूप से इन स्थानों पर जाते हैं। प्रेमी युगलों के प्रेमालाप के कारण आम नागरिक इन स्थानों पर नहीं जाते हैं। अगर कोई सैर सपाटा करने इन पार्कों में पहुंच भी जाता है तो प्रेमी अपने प्रेमालाप में दखल मानकर उन्हें अपमानित कर बाहर का रास्ता दिखा देते हैं।

एक ओर पाश्चात्य जगत भारतीय संस्कृति अपनाकर सभ्यता और उच्च मानवीय मूल्यों के आदर्शों को स्थापित कर रहा है।और दूसरी ओर भारतीय लोग पाश्चात्य भोग विलास के आकर्षण में फंसकर सामाजिक नैतिक मूल्यों को समाप्त कर जीवन में अशांति और मानसिक तनाव उत्पन्न कर रहे है। भारतीय माता-पिता अपने कुल संस्कारों के अनुसार बेटी का विवाह करते हैं, जिससे बेटी प्यार,सम्मान, सुख,पवित्रता,शांति को प्राप्त सके,किन्तु पश्चिमी देशों ने अपने धार्मिक साम्राज्य स्थापना की चाह में भोगवादी अपसंस्कृति की चकाचौंध देकर भारतीय चिंतन को विकृत कर दिया है। भारतीय जीवन मूल्यों को पतनोन्मुखी बना दिया है। लव बनाम वासना का गुलाम बना दिया है। (लेखक- विजय कुमार जैन / ईएमएस)

जलवायु परिवर्तन के बढ़ते खतरे और हमारे नौनिहालों की दशा

आज हम एक ऐसे दौर में पहुँच गए हैं। जहां जलवायु परिवर्तन एक गम्भीर समस्या बनती जा रही है और इसकी परिणीति हम सबके सामने है।जलवायु परिवर्तन के लिए बच्चे सबसे कम ज़िम्मेदार हैं लेकिन वे ही इसका सबसे अधिक कुप्रभाव झेल रहें हैं और आने वाले दिनों में भी झेलेंगे, लेकिन अफ़सोस की भारत जैसे देश में जलवायु परिवर्तन को गम्भीरता से नहीं लिया जाता है। यही वजह है कि हमारे देश में अब तक जलवायु परिवर्तन से सम्बंधित कोई कानून तक नहीं बनाया गया है और इस बात से सहज ही आंकलन किया जा सकता है कि इतने गम्भीर मुद्दे पर हमारे देश के नीति निर्माता किस तरह चैन की बंशी बजा रहे है। वैसे यूं तो हमारे देश की राजनीति में कई उतार चढ़ाव आए लेकिन भारतीय राजनीति की बिडम्बना देखिए कि वह आज भी जाति धर्म के फेर में ही उलझी हुई है। राजनेताओं के लिए पर्यावरण संकट कभी मुद्दा ही नहीं रहा और शायद इसीलिए भी जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न संकट विकराल हो चला है। जलवायु परिवर्तन ने न केवल हमारे वर्तमान बल्कि हमारे आने वाले भविष्य को भी संकट में डाल दिया है। जलवायु परिवर्तन के कारण तापमान तेजी से बढ़ रहा है। जिससे मां की कोख में पल रहा बच्चा तक सुरक्षित नहीं है। आज समूचे विश्व में बढ़ते तापमान के चलते समयपूर्व बच्चों के जन्म का ख़तरा कई गुना बढ़ गया है। हालिया अध्ययन में वैज्ञानिकों ने यह दावा किया है कि तापमान के बढ़ने से न केवल नवजात शिशुओं बल्कि भ्रूण में पल रहे बच्चे तक के प्राण संकट में है।

उल्लेखनीय हो कि प्रो ग्रेगरी वेलेनियस और प्रो अजेतियाँ वेंसीलिक का कहना है कि तेजी से बढ़ रही गर्मी तूफ़ान और जंगलों की आग से निकलते धुंए से न केवल समयपूर्व जन्म का ख़तरा बढ़ा है बल्कि बच्चों में स्वास्थ्य सम्बंधी समस्याएं भी उत्पन्न हो रही है। एक आंकड़े की बात करें तो 10 लाख अमेरिकी गर्भवती महिलाओं पर किए अध्ययन से यह पता चला है कि समय से पहले जन्म के 16 फ़ीसदी मामले उन क्षेत्रों के है जहां गर्मी अधिक थी। वहीं विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों में भी यह बात कही गई है कि हर साल करीब 1.5 करोड़ बच्चे समय से पहले ही जन्म ले लेते है। तो वहीं 2 करोड़ नवजात बच्चों का वजन जन्म के समय सामान्य से कम रहता है। ऐसे में यह कितना दुर्भाग्यपूर्ण है कि मानव के बढ़ते लालच ने पर्यावरण प्रदूषण की समस्या को जन्म दिया है और अब जिसका दुष्परिणाम बच्चों को भुगतना पड़ रहा है। आज देश मे कुपोषण चरम पर है। ऐसे में बढ़ता जलवायु संकट कुपोषण की समस्या को और कई गुना बढ़ा देगा। जिसका सबसे ज्यादा असर बच्चों के स्वास्थ्य पर ही होगा। कहते है बच्चे देश का भविष्य होते है, जब वही गम्भीर बीमारियों का सामना करने को मजबूर होंगे तो फिर देश का विकास सम्भव नहीं हो सकेगा। ऐसे में कितने आश्चर्य की बात है कि बढ़ते वायु प्रदूषण के कारण दिल्ली जैसे शहरों में आक्सीजन बार खोले जा रहे है। जहां लोग पैसे देकर प्रदूषण रहित आक्सीजन ले रहे है। कोरोना के भयावह दौर में ऑक्सीजन की किल्लत से बेमौत मौतो को भूलना किसी के लिए भी सम्भव नहीं। इतना ही नहीं बढ़ते प्रदूषण से अभी भी सबक नहीं लिया तो वह दिन दूर नही जब मानव साफ हवा के लिए तरस जाएगा। वायु प्रदूषण एक गम्भीर समस्या है। जिससे भारत में प्रतिवर्ष 16 लाख से ज्यादा लोग मौत के आगोश में समा जाते है। फिर भी बिडम्बना देखिए कि अमीरों की गाड़ी से निकलने वाले धुंए से सबसे ज्यादा प्रभावित सड़क किनारे फुटपाथ पर रेहड़ी लगाने वाले गरीब मजदूरों को चुकानी पड़ती है। जबकि अमीरों के घरों में हवा साफ़ करने के लिए प्यूरीफायर जैसे उपकरण लगे होते है। वैसे एक बड़ी अच्छी कहावत है कि करें कोई और भरे कोई और...! वास्तव में आज के दौर में हो भी यही रहा है और बढ़ते वायु प्रदूषण के कारण उपजा जलवायु संकट भी कहीं न कहीं अमीरों की ही देन है जिसकी सज़ा अब मासूम और शोषित वर्ग को चुकानी पड़ रही है।

वहीं अभी हाल ही में यूनिसेफ ने भी बढ़ते जलवायु संकट पर चिंता व्यक्त की है। यूनिसेफ ने अपनी रिपोर्ट में इस बात का खुलासा किया है कि दुनिया के करीब एक अरब से ज्यादा बच्चों पर जलवायु परिवर्तन का ख़तरा मंडरा रहा है। जिसमें भारत, पाकिस्तान बांग्लादेश और अफगानिस्तान जैसे देशों पर जलवायु संकट का अधिक खतरा होने की बात कही गई है। यूनिसेफ द्वारा क्लाइमेट रिस्क इंडेक्स भी जारी किया गया है। जिसमे बाढ़, लू , चक्रवात और वायु प्रदूषण को शामिल किया गया है। ऐसे में यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि प्रगतिशील दौर में बच्चें जहां गम्भीर बीमारियों का सामना कर रहें है तो वही दूसरी तरफ़ कोरोना का बढ़ता ख़तरा बच्चों से उनका बचपन छीन रहा है। आज बच्चे डर के माहौल में जीने को मजबूर है। जिसका सीधा असर न केवल उनके शरीर पर बल्कि मन पर भी पड़ रहा है। यही वजह है कि वर्तमान दौर में बच्चे मानिसक अवसाद और मोटापे के शिकार हो रहे है। इसके अलावा रही सही कसर जलवायु परिवर्तन पूरा कर ही रहा है। कुल-मिलाकर देखें तो आज बचपन दो तरफा मुसीबतों से घिरा हुआ है और यही बचपन अगर आगामी भविष्य का आधार है। फिर उसी आधार को कमज़ोर करके क्या हम अपने देश को शिथिल और अवन्नति की ओर ले जाना चाहते हैं? इस पर हमें जल्द विचार करना होगा। वरना काफी देर हो चुकी होगी। वैसे मालूम हो कि यूनिसेफ ने भी इस बात को समझ लिया है कि वैश्विक स्तर पर बच्चें जलवायु परिवर्तन की भयंकर चपेट में हैं। तभी उसका कहना है कि अगर अभी कदम नहीं उठाए गए तो जलवायु परिवर्तन से दुनिया के बच्चों द्वारा पहले से झेली जा रही असमानता और बढ़ जाएगी और आने वाली पीढियां भी इससे प्रभावित होंगीं। ऐसे में वक्त की नज़ाकत देश की रहनुमाई व्यवस्थाओं को भी समझना होगा, नहीं तो वादों और दावों से हकीकत नहीं बदलती और सस्टेनेबल डेवलेपमेंट के 17 सूचकांक जिनमें जलवायु परिवर्तन आदि विषय शामिल। उसमें हमारी क्या स्थितियां, उससे वाकिफ़ हर कोई है। (लेखिका- सोनम लववंशी / ईएमएस)

आज का इतिहास 14 फरवरी

1537 गुजरात के बहादुर शाह को पुर्तगालियों ने धोखे से गिरफ्तार करने की कोशिश की और भागने के चक्कर में वह डूब गया.
1556 पंजाब के गुरदासपुर जिले के कलानोर में अकबर की ताजपोशी हुई.
1628 शाहजहां आगरा की गद्दी पर बैठा.
1658 दिल्ली के तख्त के लिए संघर्ष में दारा ने सूजा को पराजित किया.
1663 कनाडा फ्रांस का एक प्रांत बना.
1846 क्राको गणराज्य का विद्रोह पूरे पोलैंड में फैल गया.
1893 हवाई अमरीका हिस्सा बना.
1943 सोवियत फौजों ने जर्मन फौजों से रोस्तोव पुनः छीन लिया.
1958 इराक और जार्डन को मिलाकर बने फेडरेशन के मुखिया शाह फैजल बने.
1972 अमरीका ने चीन के साथ व्यापार प्रतिबंधों में ढील की घोषणा की.
1978 अमरीका ने मिस्र, सऊदी अरब और इसरायल को अरबों डॉलर के हथियार बेचने की घोषणा की.
1979 काबुल में अमरीकी राजदूत एडोल्फ डब्स की मुस्लिम उग्रवादियों द्वारा हत्या.
1988 फिलीस्तीन मुक्ति संगठन के तीन वरिष्ठ अधिकारी बम विस्फोट से साइप्रस में मारे गए.
1989 बेल्जियम के पूर्व प्रधानमंत्री पाल्क वाडेन को एक माह बाद फिरौती देने के बाद छोड़ा गया.
1992 सोवियत संघ से अलग हुए गणराज्यों में आधे से अधिक ने अलग सेना बनाने की घोषणा की.
1993 कपिल देव ने 400 विकेट और 5000 रनों का रिकार्ड बनाया.
1999 इम्फाल में 5 वें राष्ट्रीय खेलों की शुरुवात हुई.
2005 प्रसिद्ध साहित्यकार डा. विद्यानाथ मिश्रा का सड़क दुर्घटना में निधन.
2007 मध्यप्रदेश के तीन बार मुख्यमंत्री रहे श्यामाचरण शुक्ल का निधन हुआ.

क्यों और कैसे होता है किसी से प्यार?

आखिर क्या है कैमिस्ट्री ऑफ लव?

प्यार को सदैव दिल से जोड़कर देखा जाता रहा है, दिमाग से नहीं। प्यार के संबंध में अक्सर यह भी कहा जाता है कि प्यार अंधा होता है और यह ऊंच-नीच, अमीरी-गरीबी, जात-पात इत्यादि सामाजिक बंधनों की परवाह नहीं करता। हालांकि मनोवैज्ञानिकों का यही मानना है कि अचानक किसी से प्यार हो जाना या उसे दिलोजान से चाहने लगना, यह सब कुछ अपने आप नहीं होता और न ही इसमें हमारे दिल की कोई बहुत महत्वपूर्ण भूमिका होती है बल्कि हमारे मस्तिष्क में होने वाली कुछ रासायनिक क्रियाएं तथा जीन संबंधी संरचनाएं एवं विशेषताएं ही प्यार हो जाने का प्रमुख आधार होती हैं और इन्हीं की बदौलत प्यार और उसकी गहराई तय होती है। मनोवैज्ञानिकों का मानना है कि जवानी के साथ-साथ बुढ़ापे की अवस्था में भी यदि किसी के दिल की धड़कनें किसी विपरीत लिंगी को देखकर बढ़ने लगती हैं और वह उससे प्यार का दावा करने लगता है तो यह सब उसके शरीर के भीतर की जैव वैज्ञानिक क्रियाओं का ही परिणाम होता है, जिसका एक वैज्ञानिक आधार होता है। मनोवैज्ञानिक मानते हैं कि वास्तव में प्यार का एक मनोविज्ञान होता है, जिसे समझ पाना हर किसी के लिए संभव नहीं होता।

यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ लंदन के वेलकम न्यूरोइमेजिंग विभाग के डा. एंड्रियाज बारटेल्स तथा प्रो. समीर जकी का कहना है कि प्यार 'खींचो और धकेलो' की पद्धति पर काम करता है। वह कहते हैं कि जब किसी से प्रेम होता है तो व्यक्ति उसकी तरफ खिंचा चला जाता है और उसके बारे में नकारात्मक बातों व उसकी बुराईयों को नजरअंदाज करता जाता है। डा. बारटेल्स व प्रो. जकी के अनुसार यह उसकी बुराईयों के प्रति आंख मूंदने या अंधा होने जैसा ही है और यही कारण है कि प्यार के बारे में अक्सर कहा जाता है कि प्यार अंधा होता है। कुछ मनोवैज्ञानिकों ने अपनी लंबी खोज के बाद यह दावा भी किया है कि प्यार की अलग-अलग तरह की कुल छह किस्में होती हैं। इनमें से पहली तरह के प्यार को वैज्ञानिकों ने 'रोस' नाम दिया, जिसमें केवल शारीरिक भूख मिटाई जाती है। ऐसे प्यार में शादी-विवाह जैसे बंधनों का कोई अस्तित्व नहीं होता। प्यार की दूसरी किस्म को 'ल्यूड्स' नाम दिया गया, जिसमें प्रेमी-प्रेमिका के बीच हुई दोस्ती प्यार में बदलने लगती है लेकिन इसमें गंभीरता का अभाव पाया जाता है। तीसरी तरह के प्यार 'अगापे' में प्रेमी-प्रेमिका के बीच एक अटूट प्रेम होता है और उनमें एक-दूसरे पर मर मिटने तथा एक-दूसरे के लिए बलिदान देने के लिए तत्पर रहने की भावना जन्म ले चुकी होती है। प्यार की 'मेनियक' नामक अगली किस्म में प्रेमी-प्रेमिका एक-दूसरे को इस कदर चाहने लगते हैं कि वे अपने प्यार को हासिल न कर पाने की स्थिति में जान लेने अथवा जान देने के लिए भी तत्पर हो जाते हैं। यह एक तरह से प्यार का उन्मादी रूप ही होता है। प्यार की एक अन्य किस्म 'प्रैग्मा' में प्रेमी-प्रेमिका भावनाओं में समन्दर में न बहकर पहले एक-दूसरे के बारे में अच्छी तरह से जानकारी हासिल करते हैं और उसके बाद ही प्यार करने जैसा कदम उठाते हैं। इस प्रकार जांच-परख कर और एक-दूसरे को अच्छी तरह से जानने-समझने के बाद किया गया प्यार ही पूरी तरह से सफल 'प्यार' की श्रेणी में आता है।

मनोवैज्ञानिकों के अनुसार मस्तिष्क में स्थित एक विशेष अंग 'हाईपोथेलेमस' में जब 'डोपेमाइन' तथा 'नोरपाइनफेरिन' नामक दो न्यूरोट्रांसमीटरों की अधिक मात्रा हो जाती है तो यह शरीर में उत्तेजना व उमंग पैदा करने लगती है। ये न्यूरोट्रांसमीटर मस्तिष्क में उस समय सक्रिय होते हैं, जब दो विपरीत लिंगी मिलते हैं। कभी-कभी समलिंगियों के मामले में भी ऐसा ही देखा जाता है। जब भी इन्हें एक-दूसरे की कोई बात आकर्षित करती है तो उनके मस्तिष्क का यह हिस्सा अचानक सक्रिय हो उठता है। जब मस्तिष्क के इस हिस्से की सक्रियता के कारण 'डोपेमाइन' नामक इस रसायन का स्तर बढ़ता है तो यह मस्तिष्क में आनंद, गर्व, ऊर्जा तथा प्रेरणा के भाव उत्पन्न करता है। डोपेमाइन के कारण ही एक अन्य रसायन 'ऑक्सीटोक्सिन' का स्राव भी बढ़ता है, जो दूसरे साथी को बाहों में भरने और दुलारने की प्रेरणा देता है जबकि 'नोरपाइनफेरिन' के कारण 'एड्रिनेलिन' रसायन का स्राव बढ़ता है, जो दिल की धड़कनें तेज करने के लिए उत्तरदायी होता है। 'वेसोप्रेसिन' रसायन आपसी लगाव बढ़ाने तथा अटूट बंधन के लिए होता है। न्यूयार्क की एक जानी-मानी समाजशास्त्री तथा मानव संबंधों की विशेषज्ञा डा. हेलन फिशर इस सिलसिले में बहुत लंबा शोध कार्य कर चुकी हैं। उनका भी यही मानना है कि मस्तिष्क में पाए जाने वाले रसायनों 'डोपेमाइन' तथा 'नोरपाइनफेरिन' से ही प्यार की भावना का सीधा संबंध है। इन्हीं कारणों से प्रेमियों में असाधारण ऊर्जा का विस्फोट होता है और प्यार करने वालों की नींद और भूख गायब होने की भी यही प्रमुख वजह है। (लेखक- योगेश कुमार गोयल / ईएमएस)

शब्द पहेली - 7197



बाएँ से दाएँ

1.घूमना-फिरना-4
4.पक्षियों का शोर-4
7.घोखाधड़ी,मक्कारी-5
9.भस्म,खाक -2
11.आज्ञापालक,कर्मचारी-2
12.मगन,लीन-2
13.नेत्रावरण-3
15.त्याग,दक्षिणा-2
16.जीभ,जिव्हा-3
17.मक्खन-3
18.पेड़ का मध्य व मोट भाग-2
19.गर्भ-3
21.निवास,रहना-2
23.भाग्य (अंग्रेजी-2)
24.पानी,नीर-2
25.इच्छा पूर्ति करना-5
29.एक मुस्लिम महीना-4
30.भाग्य,नसीब-4

ऊपर से नीचे

1.अनबन,झगड़ा-4
2.भालू-2
3.परिणाम-2
4.प्याला-2
5.बालों का गुच्छा-2
6.वर,इच्छापूर्ति-4
8.नीरज,जलज-3
10.भयानक-5
11.दयालु-5
13.आश्रय,शरण-3
14.करिश्मा,करतब-3
18.तहखाना-4
20.मगरमच्छ-3
22.शलवार,पायजामा-4
25.आनंद-2
26.झुका हुआ-2
27.पत्र,चिट्ठी-2
28.नासिका,घ्राणेंद्रिय-2

शब्द पहेली -7196 का हल

हिजाब विवाद- केरल गर्वनर बोले- यह मुस्लिम लड़कियों को चार दीवारों में कैद करने की साजिश

तिरुवनंतपुरम (ईएमएस)। कर्नाटक के एक शैक्षणिक संस्थान में हिजाब विवाद का आज से पूरा देश झुलस रहा है। केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने हिजाब विवाद पर अपना पक्ष रखा है। उन्होंने कहा है कि मुझे लगता है कि यह कोई विवाद नहीं है, बल्कि मुस्लिम युवतियों को उनके घरों की चार दीवारों में धकेलने की एक जान-बूझकर की गई साजिश है। ये सब मुस्लिम लड़कियों को हतोत्साहित करने का प्रयास है। केरल के राज्यपाल ने कहा कि मुस्लिम लड़कियां लड़कों की तुलना में बेहतर कर रही हैं। उन्होंने आरिफ मोहम्मद खान ने कहा कि अरब समाज में ऐसे लोग थे जो जन्म के तुरंत बाद अपनी बच्चियों को दफना देते थे। इस्लाम ने इसे समाप्त किया, खत्म कर दिया, लेकिन कुछ लोगों में वह मानसिकता आज भी अभी भी कायम है। पहले उन्होंने तीन तलाक का आविष्कार किया, फिर हिजाब और फिर मुस्लिम महिलाओं को प्रताड़ित करने के लिए अन्य तरीकों का इस्तेमाल किया।

केरल के राज्यपाल आरिफ मोहमम्द खान ने कहा कि भारत को यह मानने के लिए कहा जा रहा है कि हिजाब इस्लाम का आंतरिक मामला है। अगर हम उस तर्क को स्वीकार करते हैं, तो मुस्लिम लड़कियों को फिर से उनके घरों में धकेल दिया जाएगा। आरिफ मोहम्मद खान ने कहा कि अगर लड़कियां घरों की चार दीवारों में रहेंगे और बाहर नहीं निकल पाएंगी तो उनकी शिक्षा में रुचि कम हो जाएगी।

उन्होंने कहा, इस्लाम में ऐसे कई मामले हैं, जब महिलाओं ने हिजाब पहनने से इनकार कर दिया था। आरिफ मोहम्मद खान ने कहा, निहित स्वार्थ के लिए महिलाओं को काले युग में वापस ले जाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा, हिजाब इस्लाम का आंतरिक हिस्सा नहीं है। 1986 में सरकार कट्टरपंथियों के दबाव में झुक गई थी, लेकिन यह सरकार दबाव में नहीं झुकेगी। राज्यपाल मोहम्मद आरिफ खान ने कहा, छात्रों को मेरी सलाह है कि कक्षा में वापस जाएं और पढ़ाई करें। जीवन में बेहतर करने के लिए यहां सबसे अच्छा वातावरण मिलता है। केरल के राज्यपाल ने कहा, मैं पाकिस्तान के बयान पर टिप्पणी नहीं करना चाहता। वहीं, इस मामले में मलाला की प्रतिक्रिया पर उन्होंने कहा, शायद उन्हें गलत जानकारी दी गई। भारत में कहीं भी हिजाब पर प्रतिबंध नहीं है। कुछ संगठनों में नियम होते हैं, जिनका पालन करना होता है।

आरिफ मोहम्मद खान ने अपनी बात को साबित करने के लिए पैगंबर मोहम्मद की रिश्तेदार कही जाने वाली एक महिला की कहानी भी सुनाई। उन्होंने कहा, ''मैं आपको सिर्फ एक उदाहरण देता हूं। एक युवा लड़की, जिसका पालन-पोषण पैगंबर के घर में हुआ था, वह पैगंबर की पत्नी की भतीजी थी। वह सुंदर थी। मध्यकाल में महिला का पति कूफा का तत्कालीन गवर्नर था, उसे हिजाब न पहनने के लिए फटकार लगाई गई थी।''

आरिफ मोहम्मद खान ने बताया कि इसके बाद महिला ने कहा, ईश्वर ने उसे सुंदर बनाया है और सर्वशक्तिमान ने उस पर सुंदरता की मुहर लगाई है। इसलिए मैं चाहती हूं कि लोग मेरी सुंदरता देखें और मेरी सुंदरता में भगवान की कृपा देखें। वे ईश्वर का शुक्रगुजार करें।

जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने चार पूर्व मुख्यमंत्रियों को मिली सुरक्षा घटाई

श्रीनगर (ईएमएस)। केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के प्रशासन ने चार पूर्व मुख्यमंत्रियों को मिली सुरक्षा एक बार फिर घटा दी है। अधिकारियों ने बताया कि प्रशासन ने श्रीनगर जिले के भीतर आवाजाही के दौरान अब पूर्व मुख्यमंत्रियों को मिली जैमर और एंबुलेंस की सुविधा को हटाने का निर्णय लिया है। इसके पहले फारूक अब्दुल्ला, गुलाम नबी आजाद, उमर अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती को मिले विशेष सुरक्षा समूह (एसएसजी) के सुरक्षा कवच को वापस ले लिया गया था। अधिकारियों ने कहा कि अंतरजनपदीय आवाजाही के दौरान चारों पूर्व मुख्यमंत्रियों को जैमर और एम्बुलेंस की सुविधा मिलती रहेगी। जैमर सिग्नल को रोकने का काम करता है, ताकि आतंकवाद प्रभावित क्षेत्रों में आईईडी जैसे विस्फोटक पदार्थों में रिमोट के जरिये दूर से विस्फोट नहीं किया जा सके।

एंबुलेंस की सुविधा यात्रा के दौरान किसी आपतकालीन चिकित्सा संबंधी जरूरतों को पूरा करने के लिए दी जाती है। जम्मू-कश्मीर विधानसभा द्वारा वर्ष 2020 में कानून बनाकर एसएसजी का प्रावधान किया गया था। इसके तहत मुख्यमंत्रियों और पूर्व मुख्यमंत्रियों को एसएसजी सुरक्षा प्रदान की जा रही थी।

सरकार ने कच्चे पाम तेल पर सीमा शुल्क घटाया

नई दिल्ली (ईएमएस)। सरकार ने कच्चे पाम तेल के प्रभावी सीमा शुल्क को घटाकर 5.5 प्रतिशत कर दिया। जिससे खाने के तेलों की कीमतों को कम करने में मदद मिलेगी। एक आधिकारिक अधिसूचना में कहा गया कि कच्चे पाम तेल पर अब पांच प्रतिशत का कृषि अवसंरचना विकास उपकर लगेगा, जो अब तक 7.5 प्रतिशत था। इस कटौती के बाद कच्चे पाम तेल पर प्रभावी सीमा शुल्क 8.25 प्रतिशत की जगह 5.5 प्रतिशत रह जाएगा। कारोबारियों ने बताया कि इस कटौती से कीमतों में प्रति क्विंटल 280 रुपए की कमी आ सकती है। सरकार ने इससे पहले अक्टूबर 2021 में भी खाद्य तेल के आयात शुल्क में कटौती की थी। भारत अपनी 60 प्रतिशत से अधिक खाद्य तेल जरूरतों को आयात के माध्यम से पूरा करता है। इंडोनेशिया और मलेशिया भारत को आरबीडी पामोलिन और कच्चे पाम तेल के प्रमुख आपूर्तिकर्ता हैं।

वैश्विक रुख और कंपनी परिणाम तय करेंगे शेयर बाजारों की दिशा

मुंबई (ईएमएस)। भू-राजनीतिक तनाव और अमेरिका में ब्याज दरों में बढ़ोतरी की संभावना के बीच इस सप्ताह घरेलू शेयर बाजारों में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। विश्लेषकों ने कहा है कि अभी बाजार में कारोबार एक दायरे में रहेगा। इसके साथ ही निवेशकों की निगाह वैश्विक रुख, मुद्रास्फीति के आंकड़ों और कंपनियों के तिमाही नतीजों पर भी रहेगी। तिमाही नतीजों का अब आ?खिरी दौर है। रुपए का उतार-चढ़ाव, विदेशी संस्थागत निवेशकों का रुझान और ब्रेंट कच्चे तेल के दाम भी बाजार को दिशा देंगे। ??विश्लेषकों ने कहा ?कि दुनियाभर के बाजार अमेरिका में ब्याज दरों में भारी बढ़ोतरी की संभावना के बीच समायोजन का प्रयास कर रहे हैं लेकिन भू-राजनीतिक तनाव की वजह से चिंता बनी हुई है। उन्होंने कहा कि घरेलू मोर्चे पर इस सप्ताह मुद्रास्फीति के आंकड़ें आने हैं और साथ तिमाही नतीजों का अंतिम दौर है। इनसे बाजार की दिशा प्रभावित होगी। कुछ विशेष शेयरों में गतिविधियां देखने को मिल सकती हैं। निवेशकों की निगाह उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गोवा, पंजाब और मणिपुर विधानसभा चुनावों से जुड़े घटनाक्रमों पर भी रहेगी। भारतीय बाजारों के लिए एफआईआई का रुख भी महत्वपूर्ण होगा, क्योंकि अभी वे जमकर निकासी कर रहे हैं। हालांकि शुक्रवार को एफआईआई ने भारतीय शेयरों में 108.53 करोड़ रुपए डाले हैं। इस माह के दौरान एफआईआई भारतीय पूंजी बाजार से 14,930 करोड़ रुपए की निकासी कर चुके हैं।

सप्ताह के दौरान अडाणी एंटरप्राइजेज, कोल इंडिया, आयशर मोटर्स, अंबुजा सीमेंट्स, नेस्ले इंडिया, स्पाइसजेट और जेट एयरवेज के तिमाही नतीजे आने हैं। बाजार के जानकारों का कहना है ?कि अमेरिका के मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर प्रतिक्रिया के बाद अब निवेशक फेडरल रिजर्व की कार्रवाई को लेकर समझ बनाने का प्रयास करेंगे। फेडरल रिजर्व की बैठक का ब्योरा जारी होने वाला है। इसके अलावा चीन के मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर भी निवेशकों की निगाह रहेगी। दलाल-स्ट्रीट के निवेशकों की निगाह घरेलू मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर भी रहेगी। कुल मिलाकर इन घटनाक्रमो की वजह से बाजार में उतार-चढ़ाव रहने के आसार हैं। वृहद मोर्चे पर बाजार सोमवार को औद्योगिक उत्पादन (आईआईपी) के आंकड़ों पर प्रतिक्रिया देगा। इसके अलावा थोक और खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़े भी 14 फरवरी को आने हैं। इस सप्ताह बाजार की दिशा वैश्विक रुख और घरेलू मोर्चे पर वृहद आर्थिक आंकड़ों से तय होगी।

सावधान! बैंकिंग सर्विस के नाम पर बढ़ने लगे केवाईसी फ्रॉड के मामले

नई दिल्ली (ईएमएस)। अगर आप बैंक खाताधारक है तो आप केवाईसी नियम को जानते होंगे और अब इस मामले में आपकों सावधान रहने की जरूरत है। देश में बीते कुछ दिनों से केवाईसी फ्रॉड के मामले बढ़ने लगे हैं। साइबर ठगों ने डिजिटल प्लेटफॉर्म पर अब आतंक का माहौल बना दिया है। डिजिटल ठगों ने एक तरह से ठगी का एक और नया तरीका खोज निकाला है। अब ई-केवाईसी के नाम पर लोगों के बैंक खातों से डिटेल लेकर लाखों रुपये चपत कर जाते हैं। हाल ही में गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों को इस को लेकर अलर्ट जारी किया है। बता दें कि देश के कई राज्यों के साइबर सेल के सामने इस समय हर रोज हजारों शिकायतें मिल रही हैं। ई-केवाईसी के नाम पर साइबर फ्राड लोगों को ठग रहे हैं, लेकिन इस पर कार्रवाई न के बराबर ही हो रही है। साइबर सेल अधिकारियों का मानना है कि आजकल सबसे अधिक फ्रॉड ई-केवाईसी के नाम पर हो रहा है। धोखेबाज खुद को सर्विस प्रोवाइडर बताते हुए बैंक से लिंक मोबाइल नंबर पर फोन कर पूरी जानकारी ले रहे हैं। साइबर ठग फोन पर ये कहते हैं कि आपके बैंक खाते में केवाईसी नहीं है और आपका अकाउंट अगले कुछ दिनों में बंद हो जाएगा। अगर आप इसको चालू रखना चाहते हैं तो तुरंत आधार से लिंक करा लें। इस दौरान ग्राहक अनजान होते हैं वे तुरंत ही पूरा डिटेल साइबर ठग को देते हैं। इसके बाद ग्राहक फंस जाते हैं और इस साइबर ठग के शिकार हो जाते हैं।

बता दें कि इस तरह के फ्रॉड को फिशिंग कहते हैं, जिसमें फ्रॉडस्टर खुद को कंपनी या बैंक का कर्मचारी बता कर जानकारी जुटाता है। ये लोग ग्राहकों से कहते हैं कि जल्द से जल्द केवाईसी करवा लें वरना आपका अकाउंट बंद कर दिया जाएगा। पैन कार्ड, आधार और बैंक खाते की जानकारी लेकर आपके साथ फ्रॉड हो जाता है। आधार कार्ड नंबर की मदद से जालसाज आपके अकाउंट को खाली कर देते हैं। इसके साथ ही फिशिंग का एक और नया तरीका आजकल शुरू हो गया है। फिशिंग के द्वारा लोगों को को मेल या एसएमएस भेजा जाता है। अगर आपने संदिग्ध लिंक पर क्लिक कर दिया तो उससे सारी जानकारी चुरा कर आपके बैंक अकाउंट से पैसे निकाल लिए जाते हैं। अगर इस तरह के कॉल या मैसेज आपके मेल पर या मोबाइल नंबर पर आते हैं तो आप तुरंत ही इसकी शिकायत दर्ज कराएं। साथ ही इस तरह के कॉल और मैसेज को रिकॉर्ड कर लें और उस पर क्लिक या रिप्लाई न करें। मैसेज का स्क्रीनशॉट ले कर सोशल साइट्स या साइबर विभाग को ट्वीटर मेल पर भेज दें। अगर आपने ठग के भेजे लिंक पर क्लिक कर दिया है या आपके खाते से पैसे निकल गए हैं तो तुरंत ही बैंक ट्रांजेक्शन की जानकारी लेकर संबंधित थाने में मामला दर्ज कराएं।

चुनाव आयोग पांच राज्यों में चुनाव प्रचार को लेकर दी पाबंदियों में ढील

नई दिल्ली (ईएमएस)। मतदान वाले पांच राज्यों के साथ ही देश भर में कोविड के मामलों में आई कमी को देखकर भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) ने उत्तर प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड, गोवा और मणिपुर में विधानसभा चुनावों के लिए प्रचार पर लगाए गए प्रतिबंधों में और ढील देने की घोषणा की। पोल पैनल ने दलों और उम्मीदवारों को कोविड के उचित व्यवहार और राज्य आपदा प्रबंधन अधिकारियों द्वारा लगे प्रोटोकॉल के साथ सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक प्रचार करने की अनुमति दी है। इससे पहले रात 8 बजे से सुबह 8 बजे तक चुनाव प्रचार पर रोक लगा दी गई थी।

आयोग ने कहा कि दल या उम्मीदवार 50 प्रतिशत क्षमता के साथ निर्दिष्ट खुले स्थानों या एसडीएमए द्वारा निर्धारित सीमा, जो भी कम हो, के साथ बैठकें और रैलियां कर सकते हैं। हालांकि, राजनीतिक दलों या उम्मीदवारों को एसडीएमए सीमाओं के अनुसार केवल अनुमत व्यक्तियों के साथ पदयात्रा के लिए जिला प्रशासन से पूर्व अनुमति लेनी होगी। आयोग ने कहा कि चुनाव से संबंधित अन्य सभी मौजूदा प्रावधान यथावत रहने वाले हैं।

चुनाव आयोग ने कहा, भले ही गैर-चुनाव वाले राज्यों से कोरोना के अधिक मामले सामने आ रहे हों, लेकिन देश में कुल रिपोर्ट किए गए मामलों में चुनाव वाले राज्यों का योगदान बहुत कम है।

मुंबई एयरपोर्ट से 60 करोड़ की ड्रग्स बरामद, महिला गिरफ्तार

मुंबई, (ईएमएस)। एयर इंटेलिजेंस यूनिट ने मुंबई हवाई अड्डे से 60 करोड़ रूपये मूल्य का ड्रग्स बरामद किया है. इस संबंध में मुंबई कस्टम विभाग ने मुंबई एयरपोर्ट से जिम्बाब्वे की रहने वाली महिला को गिरफ्तार किया है. महिला 12 फरवरी को जिम्बाब्वे से मुंबई एयरपोर्ट आई थी उसके समान की तलाशी के दौरान 6 किलो ग्राम हेरोइन और 1480 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद हुए हैं. अंतराष्ट्रीय बाजार में बरामद ड्रग्स की कीमत 60 करोड़ आंकी जा रही है.महिला ने यह ड्रग्स अपनी ट्रॉली बैग और फाइल फोल्डर में छुपा कर रखे हुए थे. इससे पहले शनिवार को इंडियन नेवी और एनसीबी की संयुक्त कार्रवाई में पाकिस्तान के रास्ते से आ रही 763 किलोग्राम ड्रग्स को जब्त किया गया.

एनडीए सरकार बनते ही 4 शहरों में खोलेंगे नारकोटिक्स कंट्रोल सेल तोड़ेंगे नशे का जालः अमित शाह

पटियाला (ईएमएस)। गृह मंत्री अमित शाह ने पंजाब के पटियाला में रैली को संबोधित किया। अमित शाह ने कहा, पंजाब में सबसे बड़ा मुद्दा सुरक्षा का है क्योंकि पाकिस्तान यहां से सटा हुआ है इसलिए सत्ता ऐसी हाथों में दीजिए जो पंजाब और देश की सुरक्षा को मज़बूत करे। दुश्मनों को उंगली करने का भी मौका ना दें। शाह ने कहा कि पीएम मोदी ने हमेशा सिखों के विकास के लिए काम किया है। उन्होंने स्वर्ण मंदिर में की इजाजत दी और लंगर से टैक्स हटा दिया। वे हजारों साल बाद अफगानिस्तान से अमृतसर गुरु ग्रंथ साहिब लेकर आए। शाह ने कहा, जब मैं केंद्र सरकार में गृह मंत्री बना तो मेरे मन में सबसे ज्यादा चिंता थी कि पंजाब में कांग्रेस सरकार है, सुरक्षा का क्या होगा? लेकिन कैप्टन साहब से बात करके मैं रिलेक्स हो गया था। देश की सुरक्षा को लेकर जितने भी मुद्दे आए, कैप्टन साहब ने कंधे से कंधा मिलाकर पूरा साथ दिया। उन्होंने आगे कहा, अगर एनडीए की सरकार बनती है तो हर एक जिले में नारकोटिक कंट्रोल सेल बनाया जाएगा। भाजपा की एनडीए सरकार बनते ही जालंधर, लुधियाना, अमृतसर और पटियाला में नारकोटिक्स ब्यूरो की पूर्णकालिक बांच हमारी सरकार खोलेगी।उन्होंने कहा, हमारी पंजाब की युवा पीढ़ी को आप नशे से मुक्त करना चाहते हैं तो एक मौका एनडीए सरकार को दे दीजिए, हम 5 साल में पंजाब को नशा मुक्त करेंगे। पंजाब को नशे से मुक्त न अकाली कर सकते हैं, न कांग्रेस कर सकती है, न केजरीवाल कर सकते हैं। इससे पहले लुधियाना में गृहमंत्री अमित शाह ने जनसभा को संबोधित किया था। इस दौरान उन्होंने पंजाब के सीएम चन्नी और दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल पर निधाना साधा। उन्होंने कहा कि केजरीवाल जी कह रहे हैं कि हम पंजाब को नशे से मुक्त करेंगे। अरे केजरीवाल जी, पूरी दिल्ली को शराब में डुबाने के बाद आप पंजाब में आकर कहते हैं कि हम नशे से मुक्त करेंगे। क्या ये पंजाब को नशा मुक्त कर सकते हैं? केजरीवाल साहब सिर्फ वोट की राजनीति करते हैं।

सऊदी अरब ने अरामको में सरकारी निवेश कोष में हस्तांतरित करने की घोषणा की

दुबई (ईएमएस)। सऊदी अरब ने सार्वजनिक क्षेत्र की दिग्गज पेट्रोलियम कंपनी अरामको में सरकार की चार प्रतिशत हिस्सेदारी या करीब 80 अरब डॉलर सरकारी निवेश कोष में हस्तांतरित करने की घोषणा की है। सऊदी अरब यह कदम अपनी ऊर्जा पर निर्भर अर्थव्यवस्था में बदलाव लाने को उठा रहा है। सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनी का मूल्यांकन 2,000 अरब डॉलर से कुछ कम है। वहीं इस समय कच्चा तेल 90 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच चुका है, जो 2014 के बाद का सबसे ऊंचा स्तर है। सऊदी अरब के युवराज (वली अहद) मोहम्मद बिन सलमान ने इन शेयरों के हस्तांतरण का फैसला किया है।

यह सऊदी अरब का सरकारी संपदा कोष है। कोष के द्वारा सऊदी युवराज उबर से लेकर ब्रिटेन की फुटबॉल टीम न्यूकैसल यूनाइटेड में निवेश कर चुके हैं। सरकार की योजना है कि तेल संपदा का इस्तेमाल युवाओं के लिए रोजगार पैदा करने के लिए किया जाए जिससे समय के साथ अर्थव्यवस्था की तेल पर निर्भरता कम हो। यह कोष नेवार्क, कैलिफोर्निया की इलेक्ट्रिक कार कंपनी ल्यूसिड मोटर्स इंक में भी निवेश कर चुका है। हालांकि, कोष की ओर से तत्काल यह नहीं बताया गया है कि इसका क्या इस्तेमाल किया जाएगा। अरामको में 94 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ सरकार सबसे बड़ी शेयरधारक है। वर्ष 2019 में कंपनी के शेयरों की पेशकश रियाद के तदावुल शेयर बाजार में की गई थी। रेटिंग एजेंसी मूडीज इन्वेस्टर सर्विसेज ने पिछले सप्ताह कहा था कि इस कोष के तहत संपत्तियां 2020 में बढ़कर 412 अरब डॉलर पर पहुंच गई हैं जो 2015 में 152 अरब डॉलर थीं।

चीन में बस में विस्फोट, एक की मौत, 42 घायल

बीजिंग (ईएमएस)। चीन के लियाओनिंग प्रांत के शेनयांग शहर में शनिवार को एक बस में हुए विस्फोट में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और 42 अन्य घायल हो गए। जानकारी के मुता?बिक घायलों में से दो की हालत गंभीर बनी हुई है। स्थानीय पुलिस ने कहा कि घटना शेनयांग के हुआंगगु जिले में हुआंग स्ट्रीट और निंगशान रोड पर हुई। पुलिस इस धमाके के कारणों का पता लगाने के लिए जांच कर रही है। स्थानीय मीडिया के मुताबिक प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि उन्होंने विस्फोट के कारण जोरदार धमाका सुना, लेकिन बस में आग नहीं लगी।

हिजाब विवाद पर पाक राष्ट्रपति अल्वी के जहरीले बोल- मुस्लिमों के 'भीड़ नरसंहार' की ओर भारत

-अमेरिकी प्रोफेसर चोमस्की का दावा- भारत में इस्लामोफोबिया का सबसे घातक रूप बन गया

इस्लामाबाद (ईएमएस)। भारत के कर्नाटक में चल रहे हिजाब विवाद पर अब पाकिस्तानी राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने जहरीला बयान देकर सांप्रदायिकता को हवा देने का काम किया है। अल्वी ने कहा कि भारत 'मुस्लिमों के भीड़ नरसंहार' की ओर बढ़ रहा है। इसे मोदी सरकार की चुप्पी से बढ़ावा मिल रहा है।' पाकिस्तानी राष्ट्रपति ने जहां भारत में मुस्लिमों को भड़काने के लिए झूठा दावा किया, वहीं खुद उन्हीं के देश में शनिवार को एक शख्स की भीड़ ने कुरान का अपमान करने के आरोप में पीट-पीटकर हत्या कर दी। आरिफ अल्वी ने यह भी दावा किया कि भारत के शहरों में डरावनी हिंसा हो रही है। उन्होंने अमेरिकी प्रोफेसर नोम चोमस्की के उस बयान को भी शेयर किया है जिसमें एमआईटी के विशेषज्ञ ने दावा किया था कि 'भारत में इस्लामोफोबिया का सबसे घातक रूप बन गया है।' चोमस्की ने यह भी आरोप लगाया कि भारत के 25 करोड़ मुस्लिम एक 'सताए हुए अल्पसंख्यक' बन गए हैं। एमआईटी प्रोफेसर ने यह भी दावा किया कि मोदी के नेतृत्व वाली दक्षिणपंथी हिंदू राष्ट्रवादी सरकार के कार्यकाल में कश्मीर में 'अपराध' बढ़े हैं।

आरिफ अल्वी और नोम चोमस्की जब भारत के ऊपर आरोप लगा रहे थे, ठीक उसी समय पाकिस्तान में भीड़ ने कथित रूप से कुरान की प्रतियां जलाने के आरोप में एक व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या कर दी। हालत यह हो गई कि पुलिस की मदद मांगने गए शख्स को कट्टरपंथियों की भीड़ उठा ले गई और मार डाला। इस हत्याकांड के दौरान स्थानीय पुलिस मूकदर्शक बनी रही। इससे पहले कर्नाटक हिजाब विवाद पर पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने इस्लामाबाद में भारतीय राजदूत को तलब किया। पाकिस्तानी मंत्रालय ने कर्नाटक के हिजाब विवाद पर भारतीय राजनयिक के सामने गंभीर चिंता दर्ज करवाई थी। पाकिस्तान ने कर्नाटक में मुस्लिम छात्राओं के हिजाब पहनने से रोकने का दावा करते हुए निंदा की। इस पर भारत के वरिष्ठ राजनयिक इस्लामाबाद में इंडियन चार्ज डी अफेयर्स सुरेश कुमार ने पाकिस्तान के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए करारा जवाब दिया था।

इससे पहले पाकिस्तान के विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी, सूचना मंत्री फवाद चौधरी और विपक्षी नेता मरियम नवाज ने भारत पर निशाना साधते हुए हिजाब विवाद को भड़काने की कोशिश की थी। भारतीय राजनयिक सुरेश कुमार ने पाकिस्तान के सभी आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि भारत एक धर्म निरपेक्ष देश है। भारत में हर काम एक निश्चित प्रक्रिया के अनुसार होता है। उन्होंने इस्लामाबाद को नसीहत देते हुए कहा कि पाकिस्तान को पहले खुद का ट्रैक रिकॉर्ड देखना चाहिए। दरअसल, पाकिस्तान में धार्मिक अल्पसंख्यकों के ऊपर जबरदस्त जुल्म ढाहा जा रहा है। कई अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं की रिपोर्ट में भी पाकिस्तान में धार्मिक अल्पसंख्यकों के ऊपर हो रहे अत्याचारों का जिक्र किया गया है। आए दिन पाकिस्तान में हिंदू मंदिरों पर हमले, देवी-देवताओं की मूर्तियों में तोड़फोड़ की घटनाएं होती रहती हैं। बड़ी संख्या में हिंदू और ईसाई लड़कियों का अपहरण कर जबरन धर्म परिवर्तन भी करवाया जाता है।

अंतरराष्ट्रीय शांति कमजोर करने के लिए साइबर प्रौद्योगिकियों के इस्तेमाल की निंदा

मेलबर्न (ईएमएस)। भारत और ऑस्ट्रेलिया ने अंतरराष्ट्रीय शांति एवं स्थिरता को कमजोर करने के लिए साइबरस्पेस और साइबर प्रौद्योगिकियों के इस्तेमाल की कोशिशों की शनिवार को निंदा की। उन्होंने खुली, सुरक्षित, मुक्त, शांतिपूर्ण और साइबरस्पेस तथा प्रौद्योगिकियों के आदान-प्रदान तथा उस इस्तेमाल करने की क्षमता की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की, जो अंतरराष्ट्रीय नियम का पालन करती हो। विदेश मंत्री एस जयशंकर और ऑस्ट्रेलिया की उनकी समकक्ष मारिस पायने के बीच वार्ता के बाद जारी बयान में कहा गया है कि दोनों मंत्रियों ने साइबर शासन, साइबर सुरक्षा, क्षमता निर्माण, नवोन्मेष, डिजीटल अर्थव्यवस्था और साइबर तथा अहम प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में सहयोग को भारत-ऑस्ट्रेलिया संबंधों का अहम स्तंभ बताया।

दोनों मंत्रियों ने विविधता, लैंगिक बराबरी और महिला सशक्तीकरण, विकास और साइबरस्पेस तथा प्रौद्योगिकियों के इस्तेमाल की महत्ता के बारे में बात की। उन्होंने 5जी और 6जी सहित अगली पीढ़ी के दूरसंचार नेटवर्क की सुरक्षा के लिए एक-दूसरे के साथ निकटता से काम करने की आवश्यकता जाहिर की। अंतरराष्ट्रीय साझेदारों के साथ मिलकर काम करने की महत्ता पर जोर देकर जयशंकर और पायने हिंद-प्रशांत क्षेत्र की साइबर क्षमताओं में मिलकर सुधार लाने के लिए संयुक्त रूप से काम करने पर राजी हुए। बयान में कहा गया है, भारत के बेंगलूरु में बनने वाला 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर क्रिटिकल एंड एमर्जिंग टेक्नोलॉजी पॉलिसी' दोनों देशों की साइबर तथा अहम प्रौद्योगिकियों में द्विपक्षीय सहयोग की दीर्घकालीन प्रतिबद्धता को दिखाता है। जयशंकर ने बेंगलूरु में महावाणिज्य दूतावास खोलने के ऑस्ट्रेलिया सरकार के इरादे का स्वागत किया। अगला भारत-ऑस्ट्रेलिया विदेश मंत्री स्तरीय साइबर रूपरेखा संवाद 2023 में होगा।

किम जोंग उन की महाविनाशक मिसाइलों से अमेरिका, जापान और दक्षिण कोरिया सहमे, बनाई रणनीति

होनोलूलू, अमेरिका (ईएमएस)। नार्थ कोरिया के तानाशाह शासक किम जोंग उन के निरंतर महाविनाशक मिसाइलों के परीक्षण से कोरियाई प्रायद्वीप सहमा है। इस गंभीर संकट को देखते हुए अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने जापान एवं दक्षिण कोरिया के अपने समकक्षों के साथ शनिवार को हवाई में बैठक कर परमाणु हथियारों से लैस उत्तर कोरिया के कारण पैदा हुए खतरे पर चर्चा की है। ब्लिंकन ने कहा कि उत्तर कोरिया 'उकसाने वाली कार्रवाई कर रहा' है और तीनों देशों ने हालिया मिसाइल परीक्षण की निंदा की। जापान के विदेश मंत्री योशिमासा हयाशी और दक्षिण कोरिया के विदेश मंत्री चुंग यूई-योंग के साथ बातचीत के बाद ब्लिंकन ने कहा, 'हम अपने दृष्टिकोण में, अपने दृढ़ संकल्प में पूरी तरह से एकजुट हैं।' तीनों विदेश मंत्रियों ने एक संयुक्त बयान जारी कर उत्तर कोरिया से बातचीत में शामिल होने और अपनी 'गैरकानूनी गतिविधियों' को बंद करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि उत्तर कोरिया के प्रति उनकी कोई शत्रुतापूर्ण मंशा नहीं है और वे बिना किसी पूर्व शर्त के प्योंगयांग से वार्ता के लिए तैयार हैं।

कुछ विशेषज्ञों का कहना है कि उत्तर कोरिया लंबे समय से रुकी हुई परमाणु वार्ता को फिर से शुरू करने के लिए अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन पर दबाव डालने के मकसद से हथियारों का परीक्षण कर रहा है, क्योंकि उत्तर कोरिया में दशकों के कुप्रबंधन और प्रतिबंधों से पहले से ही पस्त अर्थव्यवस्था पर महामारी के कारण और दबाव पड़ा है। बाइडन प्रशासन ने उत्तर कोरिया से खुली बातचीत की पेशकश की है, लेकिन उसके परमाणु कार्यक्रम में सार्थक कटौती के बिना प्रतिबंधों को कम करने की कोई इच्छा नहीं दिखाई है।

प्रतीत होता है कि उत्तर कोरिया अपने सबसे महत्वपूर्ण सहयोगी चीन में शीतकालीन ओलंपिक के कारण अपने परीक्षणों को फिलहाल रोक रहा है, लेकिन विश्लेषकों का मानना है कि उत्तर कोरिया ओलंपिक के बाद अपने हथियारों के परीक्षण में नाटकीय रूप से वृद्धि करेगा। हाल के परीक्षणों ने उत्तर कोरिया के पड़ोसियों दक्षिण कोरिया और जापान को हिलाकर रख दिया है। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच 2018 और 2019 में ऐतिहासिक वार्ता शुरू करने में मदद करने वाले दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति मून जेई-इन ने पिछले महीने कहा था कि ये परीक्षण संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों का उल्लंघन हैं और उन्होंने उत्तर कोरिया से आग्रह किया था कि वह 'तनाव और दबाव पैदा करने वाली कार्रवाइयां' बंद करे।

उत्तर कोरिया ने 2006 में पहला परमाणु परीक्षण किया था, जिसके बाद सुरक्षा परिषद ने उस पर प्रतिबंध लगाए थे। इसके बाद किए गए परमाणु परीक्षण के कारण इन प्रतिबंधों को और कड़ा कर दिया था। चीन और रूस ने उत्तर कोरिया की आर्थिक कठिनाइयों का हवाला देते हुए समुद्री खाद्य निर्यात पर प्रतिबंध और विदेशों में काम करने वाले उसके नागरिकों पर रोक और उनकी कमाई घर भेजने जैसी पाबंदियों को हटाने का आह्वान किया है। ब्लिंकन फिजी से हवाई पहुंचे, जहां उन्होंने देश के कार्यवाहक प्रधानमंत्री अयाज सय्यद-खैयम और अन्य प्रशांत क्षेत्रीय नेताओं के साथ क्षेत्रीय मुद्दों, विशेष रूप से जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न अस्तित्व संबंधी जोखिम के बारे में बात करने के लिए मुलाकात की। किसी अमेरिकी विदेश मंत्री की 1985 के बाद फिजी की यह पहली यात्रा थी। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया से प्रशांत क्षेत्र के अपने दौरे की शुरुआत की, जहां उन्होंने ऑस्ट्रेलिया, भारत और जापान के अपने समकक्षों से मुलाकात की। 'क्वाड' हिंद-प्रशांत में इन चार लोकतंत्रिक देशों का समूह है, जिसे चीन के क्षेत्रीय प्रभाव का मुकाबला करने के लिए बनाया गया।

कीव में ऑस्ट्रेलियाई दूतावास ने संचालन किया बंद

कैनबरा (ईएमएस)। ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री मारिस पायने ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया ने कीव में अपने दूतावास के संचालन को बंद कर दिया है।इसके साथ ही राजनयिक कर्मचारियों को यूक्रेनी शहर ल्वीव में एक अस्थायी कार्यालय में स्थानांतरित कर रहा है। विदेश मंत्री पायने ने कहा,''यूक्रेन की सीमा पर रूसी सैनिकों के निर्माण के कारण बिगड़ती सुरक्षा स्थिति को देखकर सरकार ने कीव में ऑस्ट्रेलियाई दूतावास के कर्मचारियों को प्रस्थान करने और कीव में हमारे दूतावास में अस्थायी रूप से बंद करने का निर्देश दिया है।'' विदेश मंत्री ने कहा कि यूक्रेन में अपने नागरिकों को दूतावास संबंधी सहायता प्रदान करने की ऑस्ट्रेलिया की क्षमता कम हो सकती है।हम अपने संचालन को ल्वीव में एक अस्थायी कार्यालय में स्थानांतरित कर रहे हैं,इतना ही नहीं आस्ट्रेलियाई लोगों को तुरंत यूक्रेन छोड़ने की सलाह दी जा रही है क्योंकि 'अल्प सूचना पर सुरक्षा की स्थिति बदल सकती है।'

वहीं कनाडा के विदेश मंत्री मेलानी जोली ने कहा कि कीव में कनाडाई दूतावास संचालन को निलंबित कर ल्वीव शहर में कनाडाई लोगों की सहायता के लिए एक अस्थाय

किशन भरवाड हत्या केस

मौलाना सहित अन्य आरोपी के मोबाइल एफएसएल में भेजे गये

जांच के दौरान चौंकाने वाली जानकारियां सामने आये ऐसी संभावना : २५ जनवरी को किशन भरवाड की हत्या हुई थी

अहमदाबाद, १३ फरवरी।

किशन भरवाड हत्या केस में गिरफ्तार हुए दिल्ली के मौलाना कमरगनी उस्मानी गुजरात के कौन से शहरों में गये थे और किसके मिले थे यह मुद्दे पर जांच शुरू की गई है। अहमदाबाद में यह कई बार सामने आये होने का आया है। इसके संपर्क में आये कई युवकों को कट्टरवादी बनाने का प्रयास किया था। किशन भरवाड हत्या केस में गिरफ्तार हुआ आरोपी के मोबाइल और इलेक्ट्रोनिक्स इंस्ट्रूमेंटस में को जांच के लिए भेजे जाने की जानकारी मिली है। उल्लेखनीय है कि, सोशल मीडिया पर धार्मिक भावना आहत हो ऐसी पोस्ट रखने पर पुलिस ने किशन भरवाड की गिरफ्तारी की थी। इसके बाद स्थानीय क्षेत्र के शब्बीर चोपडा और इसका दोस्त इम्तियाज पठान ने किशन भरवाड को सबक सिखाने का निश्चय किया था। शब्बीर अहमदाबाद के जमालपुर में रहते मौलाना एयुब के संपर्क में कई दिनों से रहता और पहले भी पोरबंदर के साजण ओडेदरा नाम के युवक को विवादास्पद पोस्ट रखने पर सजा देने का निश्चय किया गया था, लेकिन खुशनसीब से साजण ओडेदरा हाथ नहीं आने पर वह बच गया था, लेकिन किशन का खेल खत्म कर दिया था। किशन भरवाड हत्या बाद माहौल तनावपूर्ण हो जाने पर अहमदाबाद ग्रामीण पुलिस ने हत्यारा शब्बी और इम्तियाज के अलावा अहमदाबाद के मौलाना एयुब गिरफ्तारी की थी। हालांकि, जांच में दिल्ली के मौलाना कमरगनी उस्मानी की बातों में आकर शब्बीर ने यह कदम उठाये होने की जानकारी मिलने पर जांच की टीम ने उस्मानी की गिरफ्तारी की थी। कमरगनी उस्मानी की बारबार अहमदाबाद आता और मौलाना एयुब सहित कई लोगों को मिलता था और उनके दिमाग में कट्टरवाद का जहर भरता था। यह पूरे मामले में पुलिस की जांच पूरी हो गई है और अहमदाबाद के किस क्षेत्रों के लोग इसके साथ लगातार संपर्क में थे इसकी भी एक सूची तैयार की गई है।

भाजपा ने जशु भील को 6 साल के लिए पार्टी से निकाला, भर्ती के लिए युवक से लिए थे पैसे

अहमदाबाद (ईएमएस) गुजरात प्रदेश भाजपा प्रमुख सीआर पाटील ने छोटाउदेपुर जिला भाजपा प्रमुख जशु भील को छह साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया है रोडवेज में कंडक्टर की भर्ती के लिए एक युवक से रुपए लिए होने के आरोप के बाद जशु भील के खिलाफ यह कार्यवाही की गई दरअसल सोशल मीडिया में एक वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें भाजपा के छोटाउदेपुर जिला प्रमुख जशु भील पर भ्रष्टाचार का आरोप लगा है जशु भील के कथित भ्रष्टाचार का वीडियो वायरल होने का असर गांधीनगर तक होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता जशु भील पहले एसटी निगम में निदेशक रह चुके हैं और उस दौरान उन्होंने बस के कंडक्टर की भर्ती के लिए रुपए लिए होने का वीडियो में उल्लेख है यह घटना तब सामने आई जब भर्ती में नाम नहीं आने से रुपए देने वाला युवक अपनी रकम वापस लेने जशु भील के पास पहुंच गया उस वक्त जशु भील ने कहा कि उन्होंने केवल थोड़ी रकम रखी है, जबकि बाकी रकम ऊपर तक पहुंचा दी है इस वीडियो के सामने आने के बाद सवाल यह है कि आखिर जशु भील ने किस किस को रुपए दिए और कितनी दफा दिए? देखना होगा इस पूरे मामले में सरकार की ओर से क्या कार्यवाही की जाती है फिलहाल गुजरात भाजपा प्रमुख ने जशु भील को पार्टी से 6 वर्ष के लिए निष्कासित कर अपनी जिम्मेदारी पूरी कर ली है

एकतरफा प्यार में पागल युवक ने सरेआम युवती का गला रेत हत्या कर दी

सूरत (ईएमएस) सूरत के पासोदरा क्षेत्र में एकतरफा प्यार में पागल युवक ने एक युवती की सरेआम गला रेत कर हत्या कर दी और उसके बाद खुद ने जहरी दवाई पी और हाथों की नस काट आत्महत्या का प्रयास किया कामरेज पुलिस मामले की जांच कर रही है सूरत जिले के पासोदरा की लक्ष्मीधाम सोसायटी में रहनेवाली एक युवती से सूरत के कापोद्रा क्षेत्र निवासी फेनिल गोयाणी नामक युवक एकतरफा प्यार करता था फेनिल चाकू के साथ युवती के घर पहुंच गया और उसे घर से बाहर खींच लाया और उसके गले पर चाकू रख सभी को धमकी देने लगा युवती के चाचा जब भतीजी को बचाने आए तो फेनिल ने उन पर चाकू से हमला कर दिया जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए बाद में युवती को फेनिल से चाकू मारकर घायल कर दिया जिसके बाद सरेआम फेनिल ने युवती का गला रेत उसे मौत के घाट उतार दिया हत्या के बाद फेनिल युवती की लाश के पास खड़ा रहा और किसी को उसके करीब नहीं आने दिया बाद में फेनिल ने जहरीली दवाई पी और अपने हाथ की नस काटकर आत्महत्या का प्रयास किया चाकू के हमले में घायल मृत युवती के चाचा और भाई को स्मिमेर अस्पताल में और फेनिल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है कामरेज पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है

भावनगर में देर रात को बड़ी दुर्घटना

अरिहंत मील में भीषण विस्फोट, १२ मजदूर झुलस गये

भावनगर, १३ फरवरी।

सिहोर निकट धांधली रोड पर स्थित जीआईडीसी-४ में अरिहंत फरनेश कारखाने में गत देर रात को दुर्घटना हुई थी। रात के १२ बजे भट्ठी में किसी वजह से भीषण ब्लास्ट हुआ था। जिसमें कोयला और लोहे का गर्म रस उड़ने पर तथा ब्लास्ट की वजह से भगदड़ मच गई थी और १२ मजदूर गंभीर रूप से झुलस गये थे। इस मामले में मिली जानकारी के अनुसार सिहोर निकट धांधली रोड पर स्थित जीआईडीसी-४ में स्थित अरिहंत फरनेश कारखाने में गत देर रात को भट्ठी में ईंधन डालने पर अचानक किसी वजह से ब्लास्ट होने की घटना सामने आई थी। इस समय में कारखारने में १७ मजदूर काम करते हो और अचानक ब्लास्ट होने पर कोयला और लोहे का गर्म रस उड़ने पर वह मजदूरों पर पड़ा था। ब्लास्ट की घटना की वजह से कारखाने में भगदड़ मच गई थी। जिसमें भागने जाने पर मजदूर भी और झुलस गये और १२ जितने मजदूर झुलस गये इस मामले की जानकारी १०८ को देने पर भावनगर, नारी, सिहोर, वल्लभीपुर सहित की पांच १०८ एंबुलेंस वहां पहुंच गई थी और झुलस गये मजदूरों को उपचार के लिए सिहोर तथा भावनगर सरकारी अस्पताल में भेजा गया। घटना गंभीर होने की वजह से और इसकी जानकारी पहले से अस्पताल को दिए जाने पर तुरंत स्ट्रेचर के साथ स्टाफ उपचार के लिए तैयार हो गई थी। १०८ की गाडी एक साथ अस्पताल पहुंच गई थी और झुलस गये सभी की जल्दी से इलाज शुरू किया गया। यह ब्लास्ट किस वजह से हुआ इसकी असली वजह की जानकारी नहीं मिली है। लेकिन ऐसी दुर्घटना कभी न कभी होती ही है जिसमें कारखाने में काम करते मजदूर हेल्मेट, बुट सहित की सेफ्टी के साथ काम करते हो तो कोई जनहानि कम होने की संभावना रहती है।

राहुल गांधी को लेकर हिमंत बिस्व सरमा के बयान से नाराज हुए जयंत चौधरी

नई दिल्ली (ईएमएस)। राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) के प्रमुख जयंत चौधरी ने रविवार को असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ उनकी विवादास्पद टिप्पणी को लेकर निशाना साधा। चौधरी ने कहा कि असम के सीएम ने अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया और कहा कि भाजपा नेताओं को समय-समय पर दातुन या टहनी से मुंह धोना चाहिए। उन्होंने ट्लीट कर कहा असम के मुख्यमंत्री ने अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया है। भाजपा नेताओं को समय-समय पर दातुन से मुंह धोना चाहिए! पूर्व लोकसभा सदस्य ने ट्वीट किया। सरमा ने इससे पहले 2016 और 2019 में क्रमशः भारत की सर्जिकल स्ट्राइक और पाकिस्तान में हवाई हमले का सबूत मांगने के लिए राहुल गांधी पर हमला किया था। सरमा ने पूछा कि क्या भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कभी उनसे ठपूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के बेटेठ होने का सबूत मांगा। सरमा ने उत्तराखंड में एक सभा को संबोधित करते हुए कहा, ठइन लोगों की मानसिकता को देखिए। जनरल बिपिन रावत देश का गौरव थे। भारत ने उनके नेतृत्व में पाकिस्तान में सर्जिकल स्ट्राइक किया था। राहुल गांधी ने स्ट्राइक का सबूत मांगा। क्या हमने कभी आपसे सबूत मांगा कि क्या आप राजीव हैं गांधी के बेटे हैं या नहीं? आपको मेरी सेना से सबूत मांगने का क्या अधिकार है असम के मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि एक बार सेना द्वारा सर्जिकल स्ट्राइक की बात कह दी गई, इसके बाद इसकी वैधता पर कोई विवाद नहीं है। इस टिप्पणी पर तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव सहित विपक्षी नेताओं ने प्रतिक्रिया व्यक्त की जिन्होंने सरमा के इस्तीफे की मांग की। एक सार्वजनिक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राव ने कहा, ठपीएम मोदी जी क्या यह संस्कार है या फिर हमारा हिंदू अनुष्ठान, जो एक सांसद से उसके पिता की पहचान के बारे में सवाल करता है। ऐसा आपके भाजपा के एक मुख्यमंत्री ने किया है। मेरा सिर झुका हुआ है। यह सुनकर लज्जित हुई और मेरी आंखों में आंसू आ गए। यह देश के लिए अच्छी बात नहीं है।

गुजरात में कोरोना के 1274 नए मरीज, 13 की मौत, 3022 ठीक होकर घर लौटे

अहमदाबाद (ईएमएस) गुजरात में कोरोना के दैनिक केसों की संख्या लगातार घट रही है आज राज्य में कोरोना के 1274 नए मामले सामने आए हैं, वहीं 3022 लोग ठीक होकर अपने घर लौट गए जबकि 13 मरीजों की कोरोना से मौत हो गई कोरोना के दैनिक मामले घटने से सक्रिय मरीजों की संख्या में लगातार कमी आ रही है राज्य में फिलहाल 14211 सक्रिय मरीजों में 14108 स्टेबल हैं और 103 मरीज वेन्टीलेटर पर हैं राज्य में अब तक 1190271 लोग कोरोना को मात देकर स्वस्थ हो चुके हैं राज्य में कोरोना से स्वस्थ होने का दर 97.94 प्रतिशत पर पहुंच गया है राज्य में अब तक 10808 मरीजों की कोरोना से मौत हो चुकी है पिछले 24 घंटों में सबसे अधिक अहमदाबाद कॉर्पोरेशन में 405 और वडोदरा कॉर्पोरेशन में 257 कोरोना के मामले सामने आए हैं जबकि 33 जिले 6 महानगरों में 1 से 79 कोरोना पॉजिटिव केस पिछले 24 घंटों में दर्ज हुए हैं दूसरी ओर राज्यभर में 78107 नागरिकों का वैक्सीनेशन किया गया जिसमें 4 हेल्थ केयर वर्कर और फ्रंट लाइन वर्कर को पहला और 29 को दूसरा डोज दिया गया 45 वर्ष से अधिक आयु के 1726 को पहला और 4720 लोगों को कोरोना का दूसरी टीका लगाया गया 18 से 45 वर्षीय आयु वर्ग के 6883 को पहला 25039 को दूसरा डोज दिया गया 15 से 18 वर्षीय 4062 किशोरों को पहली और 24788 को कोविड की दूसरी वैक्सीन लगाई गई जबकि 10856 को बूस्टर डोज दिया गया राज्य में अब तक 10 करोड़ 10 लाख 23 हजार 671 नागरिकों को वैक्सीनेट किया जा चुका है

चालक नशे में होने का आरोप

पुलिस के बोर्ड के साथ जाती तेजी से जा रही कार ने दुर्घटना की

बोटाद, १३ फरवरी।

बोडी गांव में तेजी से आ रही कार ने भीषण दुर्घटना की है। जिसमें सिमेंट शेड के नीचे सोये ६० वर्षीय बुजुर्ग को गंभीर चोट लगी है। दुर्घटना में रोड निकट सिमेंट, पतरा और इलेक्ट्रिक खंभे को नुकसान हुआ है। कार में पुलिस का बोर्ड तथा शराब भी मिल जाने पर चर्चा का विषय बन गया है। स्थानीय लोगों के बताये अनुसार, ३ लोग पीए हालत में फरार हो जाने का बताया है। पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर आगे की जांच शुरू कर दी है। बोटाद तहसील का बोडी गांव जहां रात के करीब ३ बजे राणपुर से पालीयाद जाती वेगनआर कार के जाने पर बोडी गांव में रोड के निकट मिस्त्री काम की दुकान वाले शांतिभाई बचुभाई शेख जो कि अपनी दुकान के आगे बनाये सिमेंट शेड के नीचे सो रहे थे।

इस दौरान तेजी से आ रही रात को यह कार सिमेंट शेड तोड़कर घुस जाने पर शेड में रही बाइक के साथ कार टकराने पर बाइक में भी भारी नुकसान हुआ है। शेड के नीचे सोये शांतिभाई कार नीचे आ जाने पर कार पूरे शरीर पर चलने पर उनको गंभीर चोटें आई हैं। फिलहाल घायल को भावनगर उपचार के तहत रखा गया है। जहां उनकी हालत गंभीर होने की जानकारी मिली है। रात को हुई दुर्घटना की शांतिभाई के परिवार को जानकारी मिलने पर ऐसा गांव के अन्य सीनियर लोग भी वहां पहुंच गये। कार में से तीन लोग नशे की हालत में हो और वहां से फरार हो गये थे ऐसा स्थानीय लोगों द्वारा बताया गया। अब कार की जांच करने पर कार की आगे की सीट पर भी एक प्लास्टिक की बोतल में भी शराब मिला था। अब गाड़ी में पुलिस का बोर्ड भी लगाया गया था। अब फिलहाल तो यह गाड़ी किसकी है और कौन था यह जांच का विषय बन गया है। क्योंकि कार चालक वहां से फरार हुए इसकी कोई जानकारी नहीं मिली है।

गुजरात के गिरनार जंगल में मिली दुर्लभ प्रजाति की मकड़ी

-प्रसिद्ध संत नरसिंह मेहता के नाम से जानी जाएगी

जूनागढ़ (ईएमएस)। गुजरात के जूनागढ में एक लुप्तप्राय अत्यंत दुर्लभ प्रजाति की मकड़ी मिली है। यह मकड़ी राज्य के गिरनार वन्य जीव अभ्यारण्य से खोजी गई है। मकड़ी का नाम 15वीं सदी के विख्यात संत कवि नरसिंह मेहता के नाम पर नरसिंह मेहता रखा गया है। मकड़ी की खोज भक्त कवि नरसिंह मेहता यूनिवर्सिटी की एक पीएचडी की छात्रा ने की है। मकड़ी की जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. जतिन रावल ने कहा कि मकड़ियों की विश्व सूची में एक और अतिरिक्त नाम जुड़ गया जहां वर्तमान में मकड़ियों की लगभग 49,000 प्रजातियां मौजूद हैं। आपको बता दें कि संत कवि नरसिंह मेहता अपनी प्रसिद्ध कविता 'वैष्णव जन तो तेने कहिये' के लिए जाने जाते हैं। इस कविता को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी भी गाया करते थे और इसी के माध्यम से उन्होंने दुनिया को अहिंसा का पाठ पढ़ाया। नरसिंह मेहता जूनागढ़ के रहने वाले थे। यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर ने कहा कि यही वजह थी कि मकड़ी का नाम संत कवि के नाम पर रखा गया।

2017 में प्रकाशित शोध पत्र में कहा गया है 'स्पाइडर्स ऑफ गुजरातः ए प्रिलिमिनरी चेकलिस्ट' अब तक 169 प्रजातियों के तहत 415 तरह की मकड़ी की प्रजातियां मिल चुकी हैं जिसमें गुजरात से मकड़ियों के कुल 40 परिवारों की जानकारी सामने आई है। इनमें से कुल 39 ऐसे प्रजातियां है जो गुजरात के लिए स्थानीय है। इसका साफ तौर पर यह मतलब है कि ये प्रजातियां सिर्फ गुजरात में ही पाई जाती हैं। इसके अलावा जबकि 150 प्रजातियां भारत में और 26 दक्षिण एशिया में पाई जाती हैं। मकड़ी आर्थ्रोपोडा संघ का कीड़ा है। इसका शरीर दो भागों में बंटा होता है जिसमें एक भाग शिरोवक्ष और दूसरा भाग उदर कहलाता है। मकड़ियों की लगभग 49000 प्रजातियों की पहचान हो चुकी है। इनके पेट में एक थैली होती जिसमें एक चिपचिपा पदार्थ मौजूदा रहा है। मकड़ियां इसी पदार्थ से जाल बुनती हैं।

मांडवी में राज्यपाल ने क्रांति गुरु श्यामजी कृष्ण वर्मा स्मारक में उन्हें पुष्पाजंलि अर्पण की

कच्छ (ईएमएस) गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने आज प्रखर राष्ट्रप्रेमी एवं क्रांति गुरु श्यामजी कृष्ण वर्मा की याद में कच्छ के मांडवी में बनाए गए श्यामजी कृष्ण वर्मा स्मारक स्थल का दौरा किया और उन्हें पुष्पाजंलि अर्पण की लेडी गवर्नर श्रीमती दर्शनादेवी के साथ स्मारक स्थल पर पहुंचे आचार्य देवव्रत ने श्यामजी कृष्ण वर्मा के जीवनकवन दर्शाने वाली तस्वीरें देखी साथ ही श्यामजी कृष्ण वर्मा के इंग्लैंड स्थित इंडिया हाउस की प्रतिकृति के साथ ही राज्यपाल ने देश की आजादी में अपने प्राण न्यौछावर करने वाले वीरों की याद में बनाए गए गैलेरी भी निहारी

पार्टी से संपर्क तोड़ने की संभावना

सूरत आम आदमी पार्टी के दो कॉर्पोरेटर संपर्क बिना के

आप के ५ कॉर्पोरेटर्स ने केसरिया खेस धारण किया

अहमदाबाद, १३ फरवरी।

सूरत में आम आदमी पार्टी (आप) में फिर एक बार सेंघ लगने की संभावना रही है। कुछ दिन पहले ही पार्टी की ४ महिला सहित पांच कॉर्पोरेटर्स भाजपा में शामिल हुए थे। अब और दो कॉर्पोरेटर पार्टी से संपर्क तोड़ने की संभावना है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार पिछले २४ घंटे से दोनों कॉर्पोरेटरों के फोन बंद होने से वह संपर्क बिना के बन गये हैं। तब सूरत आप को और एक झटका लग सकता है। यदि ऐसा होता है तो गुजरात विधानसभा के चुनाव पहले सूरत आप में काफी समस्या पैदा हो सकती है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार सूरत में महिला कॉर्पोरेटर का फोन पिछले २४ घंटे से बंद होने से पार्टी में चिंता का माहौल है। महिला कॉर्पोरेटर कहां है इस बारे में किसी को कुछ भी नहीं मालूम होने की जानकारी है। अब लापता हुई कॉर्पोरेटर पार्टी छोड़ सकती है ऐसी चर्चा चल रही है। इसके पहले चार महिला कॉर्पोरेटर सहित पांच कॉर्पोरेटर ने पार्टी छोड़ दी थी। यदि ऐसा ही चलता रहा तो सूरत में पार्टी की ऑफिस में ताला लग सकता है। उल्लेखनीय है कि, ४ फरवरी को सूरत महानगरपालिका के पांच कॉर्पोरेटर ने भाजपा का खेस धारण करके पार्टी को झटका दिया है। अभी करीब इतना ही कॉर्पोरेटरों ने कभी भी संपर्क तोड़ सकते हैं। दूसरी तरफ आम आदमी पार्टी ने और एक बार भाजपा पर धमकी, लालच, लालच से अपने कॉर्पोरेटरों को ले जाने का आरोप लगाते हुए भाजपा ने खारिज कर दिया था। गुजरात विधानसभा के चुनाव में आप भाजपा के खिलाफ चुनौती खड़ी करे इसके पहले ही इसमें सेंघ लगने की शुरूआत हो गई है। सप्ताह पहले सूरत के आप के ५ कॉर्पोरेटर्स ने केसरिया खेस धारण करने के बाद अब पार्टी के कई कॉर्पोरेटर पार्टी से संपर्क तोड़ दे ऐसी संभावना है। इस बारे में मिली जानकारी के अनुसार भाजपा में शामिल हुए आप पार्टी के पांच नगरसेवकों का सदस्यपद रद्द करने की पेशकश के दौरान ८ कॉर्पोरेटर अनुपस्थित होने से सस्पेंस पैदा हो गया।

पुलिस ने टीमें बनाकर खोजबीन शुरू कर दी

मोडासा में भाई-बहन के अपहरण की शिकायत दर्ज की गई

जुना बाजार बस स्टैंड के पीछे रहते श्रमिक पिता स्क्रैप चुनकर दोनों बच्चों का भरण पोषण करते है

सूरत, १३ फरवरी।

मोडासा जुना बस स्टैंड के पास करीब १० दिन पहले १० वर्ष की बच्ची अपने ८ वर्ष के भाई के साथ लापता हो गई थी। इस मामले में बच्चों के पिता पुलिस को जानकारी नहीं देने पर खुद ही शुक्रवार तक बच्चों को ढूंढना चालू रखा। लेकिन इतना समय बीतने के बावजूद भी उनका कोई पता नहीं लगने पर पुलिस शिकायत दर्ज कराई थी। लक्ष्मण पोपटभाई एक विधुर है जो कि उनके दो बच्चों के साथ जुना बस स्टैंड के निकट पुलिस चौकी के पीछे के खुले मैदान में रहते है। करीब १० दिन पहले दोनों बच्चे बाजार में गये थे, लेकिन शाम को वापस नहीं आये। तब से इसके लापता हुए बच्चों की खोज करते करते पिता निराश हो गये है। उन्होंने हिम्मतनगर और दहेगाम के अपने रिश्तेदारों का भी संपर्क किया था, तब वह भी लापता हुए बच्चों की खोज में उनके साथ शामिल हुए थे। फिर भी उनकी कोई जानकारी नहीं मिलने पर परेशान हुए पिता ने शुक्रवार को पुलिस का संपर्क किया और अपहरण की शिकायत दर्ज कराई थी। डीवायएसपी भरत बसिया ने बताया कि वह लापता हुए दो बच्चों की खोजबीन कर रहे है। इस क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे का निरीक्षण करने के अलावा, पुलिस जांच के लिए हुमन इंटेलिजन्स का उपयोग कर रही है और इसकी खोज को विस्तृत करने के लिए पुलिस की टीमें भी बनाई गई है।

इस बारे में मिली जानकारी के अनुसार मोडासा शहर के जुना बस स्टैंड क्षेत्र में पुलिस चौकी के पीछे खुली जगह में लक्ष्मणभाई देवीपूजक उनकी पत्नी की मौत के बाद १० वर्ष की बेटी पूजा और ८ वर्षीय बेटा अमर के साथ रहकर शहर में स्क्रैप चुनकर दोनों बच्चों का भरण पोषण कर रहे हैं। उनके दोनों बच्चे भी शहर से प्लास्टिक का स्क्रैप इकट्ठा करके पिता की मदद करते थे। १० दिन पहले दोनों बच्चे खेलते-खेलते ही मोडासा के बाजार में गये थे बाद में देश शाम तक वापस नहीं आने पर पिता ने खोजबीन शुरू कर दी।

प्रशासन की गंभीर लापरवाही सामने आई

युवक के चुनाव कार्ड में फोटो की जगह पर लाइट बिल छप गया

प्रशासन की एक भूल की वजह से कनाडा गये युवक को फिर से नया चुनावकार्ड बनाने के लिए चक्कर लगाना पड़ेगा

वडोदरा, १३ फरवरी।

मतदाता सूची संशोधन में गंभीर गलती तो कई ने देखा होगा, लेकिन वडोदरा में प्रशासन की गंभीर लापरवाही और बुद्धि का प्रदर्शन करती एक घटना सामने आई है। वडोदरा में समाना एक युवक ने चुनाव कार्ड बनाया था लेकिन प्रशासन जैसे इसके साथ मजाक करता हो वैसे उसके घर पर आये चुनाव कार्ड में इसके फोटो के बदले लाइट बिल का फोटो छप गया। यह घटना फिलहाल चौतरफा चर्चा का विषय बन गया है। अर्जी करके कनाडा गये युवक के घर पर अपना ऐसा चुनाव कार्ड आने पर परिवार भी आश्चर्य में पड़ गया। इतना ही नहीं यह चुनाव कार्ड में कई गलती देखने को मिली थी। कार्ड में नाम, पता और फोटो में गलती देखने को मिली थी। आजकल कई नागरिक अपना नया चुनाव कार्ड के लिए पूरे दिन लाइन में खड़े होकर चुनाव कार्ड बनाते है तब प्रशासन की गंभीर लापरवाही सामने आई है। इस घटना के मामले में जबकि कर्मचारी से पूछा गया तब इसने गरुडा एप में गड़बड़ी होने से भूल हुई होने का बताकर बचने का प्रयास किया था।

इस घटना में मिली जानकारी के अनुसार वडोदरा में न्यू समा क्षेत्र में रहते युवक ने १८ वर्ष पूरा होने पर उसने मतदाता जागृति कार्यक्रम के अभियान के तहत अपना इलेक्शन कार्ड बनवाया था। इसके बाद वह कनाडा गया था। लेकिन गत बुधवार को इसके घर पर पोस्ट में आये इलेक्शन कार्ड देखकर परिवार एक तरीके से डर गया था। क्योंकि युवक के इलेक्शन कार्ड में फोटो की जगह पर लाइट बिल छप गया। इलेक्शन कार्ड में लाइट बिल का फोटो माइक्रो लेवल का होने से यह किसके घर का है इसकी तो जानकारी नहीं है हालांकि प्रशासन की एक गलती की वजह से कनाडा गये युवक को फिर से नया चुनाव कार्ड बनाने के लिए चक्कर लगाना पड़ेगा यह तो निश्चित है। चुनाव कार्ड में छापे गये जय पटेल के पते में गलती है। जिसमें न्यू समा रोड की जगह पर फतेगंज क्षेत्र लिख दिया गया है।

पश्चिम रेलवे बांद्रा टर्मिनस-भावनगर/भगत की कोठी एवं मुम्बई सेन्ट्रल-जयपुर/जयपुर-बोरीवली के बीच स्पेशल ट्रेन चलाने जा रही है

ट्रेन सं.	प्रारंभिक स्टेशन एवं गंतव्य	सेवा के दिन	प्रस्थान	आगमन
09005	बांद्रा (टी) - भावनगर (टी) (सुपरफास्ट)	24-02-2022	16.45 बजे (गुरु)	05.40 बजे (अगले दिन)
09006	भावनगर (टी) - बांद्रा (टी) (सुपरफास्ट)	26-02-2022	17.45 बजे (शनि)	07.50 बजे (अगले दिन)
पड़ाव : बोरीवली, वापी, सूरत, वडोदरा, आणंद, अहमदाबाद, बोटाद जं., धोला जं., सोनगढ़ एवं सिहोर स्टेशन दोनों दिशाओं में।				
कम्पोजिशन : एसी 2 टायर, एसी 3 टायर, स्लीपर क्लास एवं सैकण्ड क्लास सीटिंग कोच।				
09035	बांद्रा (टी) - भगत की कोठी (सुपरफास्ट)	16-02-2022	11.00 बजे (बुध)	04.00 बजे (अगले दिन)
09036	भगत की कोठी - बांद्रा (टी)	17-02-2022	16.15 बजे (गुरु)	11.20 बजे (अगले दिन)
पड़ाव : बोरीवली, वापी, सूरत, भरूच, वडोदरा, आणंद, अहमदाबाद, मेहसाणा, पाटण, भीलड़ी, रानीवाड़ा, मारवाड़ भीनमाल, मोदरान, जालोर, मोकलसर, समदड़ी एवं लूनी स्टेशन दोनों दिशाओं में।				
कम्पोजिशन : एसी 2 टायर, एसी 3 टायर, स्लीपर क्लास एवं सैकण्ड क्लास सीटिंग कोच।				
09039	मुम्बई सेन्ट्रल - जयपुर (सुपरफास्ट)	16-02-2022	23.55 बजे (बुध)	19.25 बजे (अगले दिन)
09040	जयपुर - मुम्बई सेन्ट्रल (सुपरफास्ट)	17-02-2022	21.15 बजे (गुरु)	15.10 बजे (अगले दिन)
पड़ाव : वापी, सूरत, भरूच, वडोदरा, अहमदाबाद, मेहसाणा, पालनपुर, आबू रोड, फालना, मारवाड़ जं., ब्यावर, अजमेर, किशनगढ़ एवं फुलेरा स्टेशन दोनों दिशाओं में। ट्रेन नं. 09039 बोरीवली स्टेशन पर अतिरिक्त पड़ाव करेगी।				
कम्पोजिशन : एसी फर्स्ट क्लास, एसी 2 टायर एवं एसी 3 टायर कोच।				

समय, पड़ाव एवं कम्पोजिशन के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाएं

केवल कन्फर्म टिकट वाले यात्रियों को ही इन विशेष ट्रेनों में चढ़ने की अनुमति होगी

पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों को बोर्डिंग, यात्रा के दौरान व गंतव्य पर कोविड-19 से संबंधित मानदंडों और एसओपीएस का पालन करने की सलाह दी जाती है।

ट्रेन सं. 09005 एवं 9006 की बुकिंग 15 फरवरी 2022, एवं ट्रेन सं. 09035 एवं 09039 की बुकिंग 14 फरवरी 2022 से नामांकित पीआरएस काउंटरों और आईआरसीटीसी की वेबसाइट पर खुलेगी। उपरोक्त ट्रेनें पूर्णतः आरक्षित ट्रेन के रूप में विशेष किराये पर चलेंगी।

पश्चिम रेलवे
www.wr.indianrailways.gov.in
Azadi Ka Amrit Mahotsav
हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly हमें फॉलो करें : twitter.com/WesternRly
सभी आरक्षित टिकटों के लिए पहचान पत्र साथ रखें

मालिक-मुद्रक- प्रकाशक व संपादकः लक्ष्मीचंद जी. अग्रवाल द्वारा, ब्रिजाशा ऑफसेट, जी.एम. कम्पाउन्ड, सरसपुर, अहमदाबाद -380018 में मुद्रित करवा कर वहीं से प्रकाशित किया। प्रातः कालीन E-mail : janhitaishi@yahoo.co.in फोनः 079-22921482 Mob.9375504122, 9327086467 R.N.I. 63177/95